मूल्य 1 रु.
वर्ष: 9 - अंक : 288, मुंबई, सोमवार, 3 फरवरी, 2020 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक
# मुंबई हलचल
भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त
अब हर सच होगा उजागर

# उद्धव का ऐलान

## महाराष्ट्र में एनआरसी नहीं करेंगे लागू



उद्धव ठाकरे ने कहा, सीएए से देश के किसी भी नागरिक की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। हालांकि एनआरसी को महाराष्ट्र में लागू नहीं होने दिया जाएगा। एनआरसी लागू होने से हिंदू और मुस्लिमों दोनों के ही लिए नागरिकता साबित करना काफी मुश्किल हो जाएगा। मैं ऐसा नहीं होने दूंगा।

**संवाददाता**

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) का समर्थन किया है। हालांकि उद्धव ने इसके साथ ही एनआरसी की खिलाफत करते हुए कहा है कि इसे महाराष्ट्र में लागू नहीं होने देंगे। (शेष पृष्ठ 5 पर)

### गठबंधन किया है, हिंदुत्व नहीं छोड़ा: उद्धव ठाकरे




## पीएम मोदी पर राउत का निशाना, कहा- भूखा रहकर घुसपैठियों से कैसे लड़ेगी सेना

**मुंबई।** देशभक्ति के मुद्दे पर अब शिवसेना, बीजेपी को घेरती नजर आ रही है। शिवसेना नेता और राज्यसभा सांसद संजय राउत ने कहा है कि जिन सुरक्षाबलों के दम पर पीएम मोदी पाकिस्तान को धूल चटाने की बात कहते हैं, अगर उनको राशन ही नहीं मिलेगा तो वो लड़ेंगें कैसे? शिवसेना सांसद ने मोदी सरकार पर पैरामिलिट्री फोर्स के राशन भत्ता लटकाने का आरोप लगाया है। (शेष पृष्ठ 5 पर)

## महाराष्ट्र के किलों में शराब पीते पकड़े गए तो होगी जेल

### सरकार ने जारी किए आदेश


**पुलिस और राज्य उत्पाद शुल्क विभाग को ऐतिहासिक इमारतों की पवित्रता बनाए रखने के राज्य सरकार के आदेश**



**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार ने शनिवार को एक आदेश जारी कर प्रदेश के किलों (फोर्ट) में शराब पीने पर पाबंदी लगा दी है। अगर किलों में शराब पीते पकड़े गए तो जेल जाना होगा। इसको लेकर पुलिस और राज्य उत्पाद शुल्क विभाग को निर्देश दिए गए हैं। आदेश में कहा गया है कि इन ऐतिहासिक इमारतों की पवित्रता बनाए रखने के लिए किलों में शराब का सेवन करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। सरकारी आदेश के मुताबिक, जुर्माने के साथ-साथ एक साल तक की जेल भी होगी। (शेष पृष्ठ 5 पर)

## बजट में एनआरआई को... झटका

## भारत में होने वाली कमाई पर देना होगा टैक्स



नई दिल्ली। बीते 1 फरवरी को पेश हुए आम बजट की वजह से देश के बाहर रहने वाले भारतीयों (एनआरआई) को बड़ा झटका लगा है। इस बजट में एनआरआई को अब अपनी भारतीय कमाई पर टैक्स देना होगा। हालांकि, अब तक ऐसी खबरें चल रही थीं कि ठफक से दुनिया भर से हुई कमाई पर टैक्स लिया जाएगा। (शेष पृष्ठ 5 पर)

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## संक्षिप्त खबर

### अब मोबाइल ऐप से पानी की मीटर रीडिंग

**मुंबई।** मुंबई। अपने घरों में आ रहे बीएमसी के पानी की मीटर रीडिंग जल्द ही आप खुद कर सकेंगे। इसके लिए बीएमसी एक मोबाइल एप्लिकेशन लॉन्च करने वाली है। इससे मुंबई की आम जनता खुद ही ऐप का उपयोग करके अपने पानी की खपत को ट्रैक कर मीटर रीडिंग बीएमसी को भेज सकेगी।

बीएमसी पानी खपत की सटीक मीटर रीडिंग सुनिश्चित करने के लिए नए अल्ट्रासोनिक और इलेक्ट्रोमैग्नेटिक मीटर स्थापित करेगी। इसके लिए आम नागरिकों, पानी के कनेक्शन धारकों, मीटर निमार्ता, लाइसेंस प्लंबर और सभी संबंधित लोगों से सुझाव और आपत्तियां मंगाई गई थीं। वर्तमान में बीएमसी के मीटर निरीक्षक स्वयं मीटर रीडिंग लेते हैं। बीएमसी की योजना है कि अपग्रेड किए गए मीटरों की स्थापना के बाद मीटरों पर बारकोड स्थापित किया जाएगा। बीएमसी का मकसद नागरिकों को बारकोड्स को स्कैन करने और मीटर रीडिंग को बीएमसी को डिजिटल रूप से भेजने में सक्षम बनाना है। बीएमसी के इस कदम का उद्देश्य कर्मचारियों की कमी को भी दूर करना है। बीएमसी के हाइड्रोलिक्स विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि हमने नए पानी के मीटर लगाने के लिए सुझाव और आपत्तियां मंगाई थीं। वह आ गई हैं। बीएमसी बजट के बाद उसके आगे की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। नए मीटर आधुनिक तकनीक से लैस होंगे, जिससे हमें सटीक और कुशल मीटर रीडिंग प्राप्त करने में मदद मिलेगी। नए मीटर स्थापित करने के बाद हम एक मोबाइल एप्लिकेशन तैयार करेंगे, जिससे आम जनता को जहां पानी की निश्चित खपत का पता चलेगा, वहीं बीएमसी को कम मैनपॉवर में सटीक जानकारी मिल पाएगी।

### 6 साल की बच्ची के साथ यौन शोषण के दोषी को 10 साल की कैद

**मुंबई।** मुंबई की पॉक्सो कोर्ट ने साल 2016 में एक बच्ची के साथ हुए यौन शोषण के मामले में एक वैन चालक को 10 साल के कारावास की सजा सुनाई है। इस मामले में हुई बहस के बाद अदालत ने गुरुवार को अपना फैसला दिया है। केस में आरोपी पर 15 हजार रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। अदालत ने जुमार्ने की राशि में से 10 हजार रुपये पीड़िता के परिवार को देने का आदेश दिया है।

केस के अनुसार, 11 फरवरी 2016 को आरोपी वैन चालक ने अंधेरी के एक स्कूल में पढ़ने वाली 6 वर्षीय छात्रा का यौन शोषण किया था। छात्रा के घर पहुंचने के बाद कपड़ों पर लगे दाग देखकर उसकी मां ने जब उससे पूछताछ की तो बच्ची ने इस घटना की जानकारी उसे दी। इस घटना के अगले दिन आरोपी ने फिर एक बार छात्रा का यौन शोषण किया और बच्ची को उसके माता-पिता की हत्या करने की धमकी भी दी।

#### मां से बच्ची ने की थी शिकायत

इसके बाद बच्ची ने स्कूल की टीचर से इसकी शिकायत की। घर पहुंचने पर जब बच्ची ने मां को इसकी जानकारी दी तो उसके अभिवावक उसे लेकर स्कूल पहुंचे। यहां गेट पर खड़े आरोपी रहमान को बच्ची ने पहचान लिया। हालांकि बच्ची की मां को साथ देखकर रहमान वहां से फरार हो गया।

#### कोर्ट ने बच्ची के आरोपों को माना सही


इस मामले में पुलिस के पास शिकायत करने के बाद रहमान को गिरफ्तार किया गया। रहमान ने अदालत में पेश होने के बाद पीड़ित बच्ची के आरोप को झूठा बताया, लेकिन अदालत ने इसके जाब में यह कहा कि बच्ची उसपर यौन शोषण का झूठा आरोप लगाए इसका कोई ठोस कारण नजर नहीं आता। अदालत ने तमाम सबूतों और दलीलों को सुनने के बाद बच्ची के आरोप सही माने और आरोपी को 10 वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

# मुंबई में अब सिग्नल पर जितना ज्यादा बजाएंगे हॉर्न, उतना करें इंतजार

**मुंबई।** हॉर्न न बजाने को लेकर कई अभियान चलाए जाते हैं, मगर उनका कोई असर नहीं होता। सिग्नल पर खड़े लोग उसके खुलने तक हॉर्न बजा-बजाकर परेशान कर लेते हैं। यही देखकर मुंबई पुलिस ने नया तरीका निकाला है। शहर के पांच ट्रैफिक सिग्नलों पर डेसिबल मीटर लगाए गए हैं और इसे ट्रैफिक सिग्नल के साथ जोड़ा गया है। इस सिस्टम को इस तरह बनाया गया है कि जैसे ही डेसिबल मीटर 85 डेसिबल के पार जाएगा, सिग्नल का टाइमर रीसेट हो जाएगा। इस तरह आप जितना ज्यादा हॉर्न बजाएंगे, उतना ज्यादा इंतजार करेंगे।

इस प्रयोग का एक विडियो मुंबई पुलिस ने ट्विटर पर जारी किया है। जिसे खूब पसंद किया जा रहा है। इस ट्वीट को अब तक 15 हजार रीट्वीट और 40 हजार लाइक मिल चुके हैं।

मुंबई पुलिस का यह आइडिया बेंगलुरु सिटी




पुलिस के कमिश्नर भास्कर राव को भी काफी पसंद आया। उन्होंने लिखा, 'डेसिबल मीटर लगाने का यह आइडिया बेहद अच्छा है। हम भी इसे लागू करेंगे।'

मुंबई पुलिस के जेसीपी (ट्रैफिक) मधुकर पांडेय ने कहा, 'नवंबर और दिसंबर में कुछ घंटों के लिए हमने इसका ट्रायल लिया था। सीएसटी, मरीन ड्राइव, पेडर रोड, हिंदमाता और बांद्रा टर्नर रोड पर इन डेसिबल मीटर्स को लगाया गया था।' उन्होंने माना कि ऐसा करने से दूसरी सड़कों पर दबाव बढ़ेगा, मगर उसे एक्स्ट्रा फोर्स लगाकर मैनेज कर लिया जाएगा।

हालांकि ट्रैफिक एक्सपर्ट हुसैन इंदौरवाला ने इस प्रयोग को लेकर शंका जाहिर की। उन्होंने कहा कि बेहद मुश्किल है कि यह प्रयोग लोगों की आदत बदल पाए। ड्राइवर जल्द ही समझ जाएंगे कि उन्हें कहां हॉर्न बजाना है और कहां नहीं।

उन्होंने कहा, 'मुंबई पुलिस लक्षण का इलाज कर रही है, न कि बीमारी का। भारत की सड़कों पर कार चलाना बहुत तनाव भरा काम है और लोगों को ऐसे बर्ताव के लिए मजबूर करता है। ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम लाकर इस परेशानी को कम किया जा सकता था।'

## नाबालिग से छेड़छाड़ में 86 साल के बुजुर्ग को तीन साल की कैद

**मुंबई।** मुंबई की विशेष पॉक्सो अदालत ने सितंबर 2018 में 15 वर्षीय किशोरी का पीछा और उसके साथ छेड़छाड़ करने के लिये शुक्रवार को 86 वर्षीय व्यक्ति को तीन साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। आरोपी ओम प्रकाश लालाराम कुलश्रेष्ठ को आईपीसी की धारा 354 और 354-डी और पॉक्सो अधिनियम के तहत दोषी ठहराया गया।

अभियोजन पक्ष के अनुसार आरोपी और शिकायतकर्ता किशोरी शहर में एक ही इलाके में रहते थे। घटना के दिन पीड़िता पार्क में टहलने गई थी। इस दौरान आरोपी ने उसका हाथ पकड़कर चूम लिया। पीड़िता वहां से भाग गई। इसके बाद जब वह अपनी मां के साथ शाम को पार्क में गई तो आरोपी ने दोबारा उसका पीछा किया



और गलत तरीके से उसको छुआ।

इस दौरान जब किशोरी ने शोर मचाया तो उसकी मां और एक मित्र उसे बचाने आए लेकिन तब तक आरोपी वहां से भाग चुका था। इसके बाद लोगों ने उसे पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया।

## प्रॉपर्टी बेच टैक्स वसूलने की तैयारी में बीएमसी

**मुंबई।** एक तरफ बीएमसी 500 वर्गफुट के घरों के प्रॉपर्टी टैक्स माफ कर रही है, वहीं दूसरी तरफ जिन 228 लोगों ने वर्षों से प्रॉपर्टी टैक्स नहीं भरा है, उनकी प्रॉपर्टी बेचकर अपने टैक्स की भरपाई करेगी। 15 सालों में पहली बार ऐसा होगा, जब बीएमसी संपत्तियों की नीलामी करेगी। इस नीलामी के जरिए बीएमसी 581 करोड़ रुपये अर्जित करेगी। इसमें तीन महीने का समय लगेगा।

# गेट पर खड़े हो गए लोग, रुक गई मध्य रेलवे की पहली एसी लोकल

**मुंबई।** ट्रांस हार्बर लाइन पर शुक्रवार को मध्य रेलवे की पहली एसी लोकल तो चली, लेकिन कई मुसीबतों के साथ चली। पीक ऑवर्स में चली इस ट्रेन के गेट पर हजारों लोग खड़े हो गए। ठाणे से शुरू हुई ट्रेन तकरीबन 10 मिनट तक प्लैटफॉर्म से नहीं हिली। इसका असर अन्य स्टेशनों और सामान्य सर्विस पर दिखाई दिया। पहली ट्रेन पनवेल तक पहुंचते-पहुंचते तकरीबन 25 मिनट लेट हो गई। इसके कारण 2 सामान्य ट्रेनें पीक आवर्स में रद्द करनी पड़ीं जिससे स्टेशनों पर बेतहाशा भीड़ बढ़ गई।

सुबह पीक आवर्स में ट्रेन चलाने के बाद इसे कारशेड भेजा गया। रेलवे की ओर से हर एक स्टेशन पर अतिरिक्त कमर्शल और सिक्युरिटी स्टाफ लगाना पड़ा। मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शिवाजी सुतार के अनुसार, ह्यपहली सर्विस होने के कारण लोगों को समझाना पड़ा। इसके लिए ठाणे से पनवेल तक ट्रेन में और ट्रेन के बाहर 200 के करीब अतिरिक्त स्टाफ लगाया गया। सुतार के अनुसार, अतिरिक्त स्टाफ की तैनाती और लगातार घोषणाओं का असर रहा कि शाम के वक्त ट्रेन ठीक से चल पाई।



पीक ऑवर्स में ट्रेनें लेट हो जाने के कारण ट्रांस हार्बर पर कई यात्री बिना एसी लोकल का टिकट लिए ट्रेन में घुस गए। यात्रियों का कहना था कि ट्रेनें लेट हो रही हैं, सामान्य लोकल रद्द हो रही हैं। ऐसे में, एसी लोकल में चढ़कर ही जाना पड़ेगा, क्योंकि ऑफिस टाइम पर पहुंचना है। ट्रेन में तैनात कमर्शल स्टाफ और स्टेशन पर मौजूद आरपीएफ ने कई बेटिकट यात्रियों को पकड़ा, लेकिन पहला दिन होने के कारण किसी पर जुमार्ना नहीं लगाया गया। यात्रियों को आइंदा टिकट खरीदने की हिदायत देकर जाने दिया।

एसी लोकल चलने से लोगों को नई सुविधा जरूर मिली है, लेकिन नए सिस्टम के रेलवे को प्लान भी तैयार करना पड़ा। शुक्रवार को पीक ऑवर्स में हुई परेशानी के बाद मध्य रेलवे ने ट्रेन में तकरीबन 10 टीसी को तैनात किया है। ठाणे से पनवेल तक 70 टीसी तैनात किए जाएंगे, जो ट्रेन आने के वक्त प्लैटफॉर्म पर मौजूद रहेंगे। ट्रेन में 10 सिक्युरिटी स्टाफ लगाए जा रहे हैं, इनमें से 3-4 महिला स्टाफ भी रहेगा। एक अधिकारी ने बताया कि ट्रांस हार्बर लाइन पर मल्टी कॉरिडोर नहीं होने के कारण परेशानी हो रही है। 3-4 दिनों में स्थिति सामान्य होने की उम्मीद है।

अप्रैल माह तक मध्य रेलवे पर 5-6 एसी लोकल आने की उम्मीद है। एक एसी लोकल से औसतन 12 सर्विस चलाई जा सकती हैं। यदि इन लोकल को सेवा में शामिल किया जाता है, तो क्राउड कंट्रोल करना चुनौती भरा होगा। इसके अलावा मॉनसून के दौरान भी मध्य रेलवे द्वारा एसी लोकल चलाना चुनौती भरा होगा।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक–**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई–68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी–2–301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन: **9619102478 /9769659975**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादक: **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# मुस्लिमों को नौकरी में आरक्षण के लिए उद्धव ठाकरे पर दबाव बनाएगी कांग्रेस

**मुंबई।** महाराष्ट्र में 6 साल बाद मुस्लिम आरक्षण का जिन्न फिर बाहर आने वाला है। बॉम्बे हाई कोर्ट ने राज्य में शिक्षा और नौकरी में मिलने वाले मुस्लिमों के 5 फीसदी आरक्षण पर 6 साल पहले रोक लगा दी थी। अब प्रदेश में शिवसेना, एनसीपी और कांग्रेस की गठबंधन सरकार बनने के बाद मुस्लिम आरक्षण पर फिर से चर्चा शुरू हो गई है। कांग्रेस ने साफ किया है कि वह मुस्लिम आरक्षण के लिए सरकार पर दबाव बनाएगी।

वरिष्ठ कांग्रेस नेता और राज्य के लोक निर्माण मंत्री अशोक चव्हाण ने कहा कि कांग्रेस पार्टी इस मुद्दे को लेकर गंभीर है और मुस्लिमों के लिए जल्द ही आरक्षण व्यवस्था लाई जाएगी। उन्होंने कहा, 'हम इसको लेकर दबाव बनाएंगे। समन्वय समिति की मीटिंग में पार्टियों के



नेताओं के साथ इस पर चर्चा करेंगे।' बता दें कि न सिर्फ कांग्रेस बल्कि शिवसेना और एनसीपी भी पूर्व में मुस्लिम आरक्षण को लेकर अपनी प्रतिबद्धता जता चुके हैं। साल 2018 में महाराष्ट्र विधानसभा में चर्चा के दौरान शिवसेना ने मुस्लिमों को 5 फीसदी आरक्षण दिए जाने की वकालत की थी। बता दें कि 2014 में मुख्यमंत्री पृथ्वीराज चव्हाण के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस-एनसीपी सरकार ने मुस्लिमों को 5 फीसदी आरक्षण और मराठों को 16 फीसदी आरक्षण की घोषणा की थी। हालांकि बॉम्बे हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगाते हुए सिर्फ शिक्षा में मुस्लिमों को 5 फीसदी आरक्षण जारी रखा। बता दें कि बीते साल जून में महाराष्ट्र की विपक्षी पार्टियों ने राज्य में शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मुस्लिमों को पांच प्रतिशत आरक्षण देने की मांग की थी। इस मांग पर भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) के नेतृत्व वाली गठबंधन सरकार ने यह कहते हुए उनकी बात का विरोध किया कि संविधान में धर्म आधारित आरक्षण का कोई प्रावधान नहीं है।

## मेट्रो कारशेड पर उद्धव सरकार मूर्ख बना रही है: निरुपम



**मुंबई।** कांग्रेस नेता संजय निरुपम ने आरोप लगाया है कि आरे में बनने वाले मेट्रो कारशेड का काम लगातार जारी है और राज्य की उद्धव ठाकरे सरकार जनता को मूर्ख बना रही है। उन्होंने कहा कि कहने को तो मेट्रो कारशेड के काम पर उद्धव सरकार ने रोक लगा रखी है, लेकिन असलियत में मेट्रो 3 का रैंप बनाने का काम चालू है। यह रैंप मेट्रो कारशेड से जोड़ा जाना है। निरुपम ने याद दिलाया कि शिवसेना ने मुंबई की जनता से वादा किया था कि सरकार में आने के बाद वह आरे में मेट्रो का कारशेड नहीं बनने देगी। उन्होंने कहा कि अब शिवसेना सत्ता में है और उसे अपना वादा निभाना चाहिए।

निरुपम ने शुक्रवार को कांग्रेस नेताओं क्लाइव डायस, राजेश शर्मा, सुनील कुमरे आदि के साथ आरे का दौरा किया। वे जोगेश्वरी-विक्रोली लिंक रोड पर उस जगह पर भी गए जहां मेट्रो का रैंप बनाने का काम किया जा रहा है। उन्होंने वहां मौजूद अधिकारियों से बातचीत की और पूछा कि सरकारी रोक के बाद भी यह काम क्यों और किसके आदेश पर किया जा रहा है। तब अधिकारियों ने बताया कि यह रैंप बाद में मेट्रो कारशेड से जोड़ा जाना है।

मेट्रो साइट का दौरा करने के बाद जारी अपने बयान में निरुपम ने कहा कि जब महा विकास आघाडी की सरकार आरे के पर्यावरण को बचाने का वादा मुंबई के लोगों से कर चुकी है, तो उसे मेट्रो कारशेड को आरे से बाहर ले जाना ही पड़ेगा। ऐसे में, जब यहां कारशेड बनना ही नहीं है, तो रैंप क्यों बनाया जा रहा है? उन्होंने रैंप का काम तत्काल रोके जाने की मांग की। निरुपम ने कहा कि मेट्रो कारशेड के लिए एक नई समिति बनाई जाए, जिसमें प्रशासनिक अधिकारी, वन अधिकारी, पर्यावरण प्रेमी और सामाजिक कार्यकर्ता को भी शामिल किया जाए। इससे पहले की समिति में सभी अधिकारी सरकारी थे।

## निजी हाथों में बीएमसी अस्पतालों का आईसीयू

**मुंबई।** विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपलब्धता और चिकित्सकों की कमी को देखते हुए बीएमसी ने अपने 12 अस्पतालों के आईसीयू को निजी हाथों में सौंपने का निर्णय लिया है। इसमें बीएमसी का भाभा, वीएन देसाई, सिद्धार्थ, भगवती समेत अन्य पेरिफेरल अस्पताल शामिल हैं। इन बीएमसी अस्पतालों की आईसीयू को चलाने की जिम्मेदारी अब जीवन ज्योति नामक निजी संस्था निभाएगी। जबकि बीएमसी 6 करोड़ 86 लाख रुपया खर्चकर इन अस्पतालों को आधुनिक बना रही है।

गरीब मरीजों को मुफ्त में उपचार उपलब्ध कराने वाली बीएमसी अस्पतालों के आईसीयू बंद पड़े हैं। इसलिए वर्ष 2018 में आईसीयू चलाने के लिए बीएमसी ने प्रस्ताव पास किया था, जिसे कुछ अस्पतालों ने नकार दिया था। पिछले महीने गुट नेताओं की बैठक में आईसीयू को प्राइवेट संस्था को चलाने के लिए देने का प्रस्ताव रखा गया था, जिसे गुट नेताओं ने यह कहते हुए नकार दिया था कि पहले इस पर स्थायी समिति में चर्चा होनी चाहिए।

भाजपा नेता प्रभाकर शिंदे ने मनपा के इस निर्णय का विरोध करते हुए कहा कि बीएमसी अस्पतालों में निजी संस्था के माध्यम से इलाज कराना कितना जायज होगा। निजी संस्था की लापरवाही के कारण यदि किसी मरीज को कुछ हुआ, तो उसका जवाबदेह कौन होगा। नेता विपक्ष रवि राजा ने कहा कि पहले अस्पतालों में बंद आईसीयू की रिपोर्ट मंगाई जाए, उसके बाद कोई निर्णय लिया जाए।

# प्रोजेक्ट प्रभावितों के लिए हर जोन में बीएमसी बनाएगी घर

**मुंबई।** विभिन्न विकास परियोजनाओं के लिए बेघर हुए लोगों के लिए बीएमसी अगले तीन साल में 15 हजार घर बनाएगी। इसमें से 7 हजार घर मुंबई भर में और 8 हजार घर विक्रोली और देवनार में बनेंगे। माहुल में बीएमसी के पास पहले से ही बड़ा स्टॉक है। इस तरह अगले तीन सालों में बीएमसी परियोजना प्रभावितों के लिए हजार की समस्या दूर कर देगी। यह जानकारी बीएमसी के सह आयुक्त चंद्रशेखर चोरे ने दी।

बीएमसी के पास माहुल में करीब 20 हजार घर उपलब्ध हैं, लेकिन यहां केमिकल कंपनियों के कारण पूरे परिसर में दूषित हवा फैली हुई है। इस कारण वहां पहले से रह रहे लोगों को अस्थमा, त्वचा रोग सहित कैंसर जैसी बीमारी होने की आशंका जताई जा रही है। जिसके चलते लोग इस परिसर में




घर लेने से इनकार कर रहे हैं। मुंबई हाई कोर्ट ने भी इस परिसर को रहने के अयोग्य बताया है। इसलिए बीएमसी ने मुंबई के सभी सात जोन में एक-एक हजार बनाने का फैसला किया है।

# सीएए-एनआरसी: छोटा पड़ गया भिवंडी का शाहीनबाग, हजारों महिलाएं आंदोलन में हुईं शामिल

**मुंबई।** नागरिकता संशोधन विधेयक (सीएए), एनआरसी और एनपीआर का विरोध करने के लिए संविधान बचाओ संघर्ष समिति द्वारा मिल्लत नगर के पास आंदोलन शुरू हो गया है। दिल्ली के शाहीनबाग की तर्ज पर शुरू हुए इस आंदोलन में हजारों महिलाएं शामिल हुईं। आंदोलन में इतनी तादाद में महिलाएं पहुंच गईं कि मिल्लत नगर का मैदान छोटा पड़ गया। बड़ी संख्या में महिलाएं मैदान के बाहर भिवंडी-नासिक रोड पर खड़ी रहीं। आंदोलन में कई महिलाएं तिरंगा लहरा रही थीं।

यहां सीएए, एनआरसी और एनपीआर के खिलाफ नारेबाजी की गई। महिलाओं ने इंकलाब जिंदाबाद और फासीवाद मुर्दाबाद के नारे लगाए। इस आंदोलन को भिवंडी के पूर्व पुलिस उपायुक्त सुरेश खोपडे ने संबोधित किया। इस दौरान मंच पर 'संविधान बचाओ संघर्ष समिति' के संयोजक



ऐड. किरण चन्ने, कॉम. विजय कांबले और मोहम्मद अली शेख भी मौजूद थे।

सीएए, एनआरसी और एनपीआर के खिलाफ दिल्ली के शाहीनबाग में एक महीने से भी अधिक समय से आंदोलन किया जा रहा है। देश और दुनिया के लिए शाहीनबाग का आंदोलन एक मिसाल बन गया है और इसी की तर्ज पर देश के विभिन्न शहरों के उन मैदानों को शाहीनबाग कहा जाने लगा है, जहां सीएए, एनआरसी और एनपीआर के खिलाफ आंदोलन हो रहे हैं। संविधान बचाओ संघर्ष समिति की भिवंडी इकाई को यह उम्मीन नहीं थी कि आंदोलन के पहले ही दिन यहां इतनी बड़ी तादाद में महिलाएं अपने घरों से निकल आएंगी कि भिवंडी का यह शाहीनबाग छोटा पड़ जाएगा। भिवंडी के इस शाहीनबाग में 200 से अधिक महिलायें रात में भी मौजूद रहेंगी। संघर्ष समिति ने बिजली और खाने सहित विभिन्न व्यवस्थाएं की हैं। भिवंडी के शाहीनबाग आंदोलन का शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना पढ़कर किया गया। 'संविधान बचाओ संघर्ष समिति' के संयोजक ऐड. किरण चन्ने ने इसका पाठ किया। इस दौरान पालघर से आईं आदिवासी महिलाओं ने आदिवासियों का पारंपरिक नृत्य किया। छात्रों द्वारा झांकी निकालकर एनआरसी और सीएए का विरोध व्यक्त किया गया। दुबई से आए शायर नबील अजीम ने एनआरसी के विरोध को लेकर अपनी रचनाएं पढ़ीं।

शाहीनबाग आंदोलन में शामिल लोगों को संबोधित करते हुए पूर्व पुलिस उपायुक्त सुरेश खोपडे ने कहा कि देश को चलाने के लिए बाबासाहेब आंबेडकर ने संविधान बनाया है, जिससे देश में राष्ट्रीय एकता और अखंडता कायम है लेकिन केंद्र की बीजेपी सरकार एनआरसी, सीएए और एनआरपी द्वारा देश की एकता व अखंडता को तोड़ने का प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कानून के तहत नागरिकता सिद्ध करने की जवाबदारी नागरिकों की है। ऐसे में लाखों आदिवासी और घुमंतू जातियों के लोग व छावनियों में रहने वाले लोगों में भय का वातावरण बना हुआ है। खोपडे ने कहा कि भिवंडी की शांति प्रिय महिलाओं के इस आंदोलन के बाद निश्चित तौर पर सरकार को कानून वापस लेना पड़ेगा।

# केरल के मुख्यमंत्री ने सीएए को खारिज करने की 3 वजहें बताई

## ...कहा- यह हिंदू राष्ट्र बनाने की संघ की फिलॉसफी



**संवाददाता**

**मुंबई।** केरल के मुख्यमंत्री पी विजयन ने रविवार को मुंबई में नागरिकता कानून (सीएए) का विरोध करने की तीन वजहें बताईं। उन्होंने कहा कि पहला तो यह हमारे संविधान के मूल्यों के खिलाफ है। दूसरा, यह भेदभाव और मानवाधिकारों का उल्लंघन करने वाला है। तीसरा यह कि इस कानून में संघ परिवार की फिलॉसफी और इसके मिशन 'हिंदू राष्ट्र' को थोपने की बात कही गई है। विजयन ने यह भी कहा कि आज कुछ सांप्रदायिक ताकतें अंग्रेजों की रणनीति अपना रही हैं। वे देश की एकता को समुदाय के आधार पर बांट रही है। देश की आजादी की लड़ाई अंग्रेजों के खिलाफ थी, मौजूदा क्रांति अंग्रेजों के साथ खड़े लोगों से है। केरल विधानसभा ने सीएए के खिलाफ 31 दिसंबर 2019 को एक प्रस्ताव पारित कर इसे वापस लेने की मांग की थी। सदन में भाजपा के एकमात्र सदस्य ने इसका विरोध किया था। सीपीएम के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन एलडीएफ और कांग्रेस की अगुआई वाले विपक्षी गठबंधन यूडीएफ ने इस प्रस्ताव का समर्थन किया था। केरल पहला ऐसा राज्य है, जिसकी विधानसभा ने नागरिकता संशोधन कानून को रद्द करने के लिए प्रस्ताव पास किया था। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, राजस्थान और पंजाब भी सीएए के खिलाफ प्रस्ताव पारित कर चुके हैं।

### केरल ने सीएए को सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी

मुख्यमंत्री पिनरई विजयन कानून को धर्मनिरपेक्षता के खिलाफ बताकर सुप्रीम कोर्ट में चुनौती दी थी। केरल सरकार ने कहा था- हम कानून के खिलाफ अपनी लड़ाई जारी रखेंगे, क्योंकि यह देश की धर्मनिरपेक्षता और लोकतंत्र को नुकसान पहुंचाने वाला है। केरल के अलावा पंजाब विधानसभा ने भी सीएए के खिलाफ एक प्रस्ताव पास किया है। केरल सरकार नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट पहुंची है। सरकार का तर्क है कि यह कानून संविधान के अनुच्छेद 14, 21 और 25 का उल्लंघन है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने 10 जनवरी को सीएए को लेकर अधिसूचना जारी की थी।

## लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर पहला प्रीपेड ऑटो रिक्शा स्टैंड शुरू, और जगह भी शुरू होंगे प्रीपेड ऑटो रिक्शा स्टैंड

**संवाददाता**



**मुंबई।** पहले प्रीपेड ऑटो रिक्शा स्टैंड की शुरूआत शनिवार को कुर्ला में की गई। परिवहन मंत्री अनिल परब ने उद्घाटन करते हुए कहा कि ऐसे स्टैंड महानगर के अलग-अलग हिस्सों में बनाए जाएंगे। मुंबई में बाहर से आने वाले यात्रियों के लिए इस तरह का प्रीपेड स्टैंड बेहद कारगर साबित होगा। मुंबई का पहला प्रीपेड ऑटो रिक्शा स्टैंड कुर्ला के लोकमान्य तिलक टर्मिनस पर शुरू किया गया है। इस अवसर पर स्थानीय विधायक मंगेश कुडालकर सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग उपस्थित थे। इस मौके पर परिवहन मंत्री अनिल परब ने कहा कि आम तौर पर मुंबई में बाहर से आने वाले यात्रियों को यहां की ज्यादा जानकारी नहीं होती।

**प्रीपेड ऑटो रिक्शा से होगा यात्रियों को फायदा:** प्रीपेड ऑटो रिक्शा स्टैंड से फायदा यह होगा कि यात्रियों को कोई लूट नहीं सकता और उचित किराए पर यात्री अपनी मंजिल तक आसनी से सुरक्षित पहुंच सकेंगे। स्टैंड पर यात्रियों को मिलने वाली रसीद उनकी सुरक्षा की गारंटी होगी। यात्री को कहां जाना है, कितने बजे जाना है, उसका संपर्क नंबर और उसे किस रिक्शा से यात्रा करनी है, सभी जानकारी प्रीपेड ऑटो रिक्शा स्टैंड और यात्री के पास होगी। परिवहन मंत्री ने ऑटो रिक्शा चालकों से आह्वान किया है कि वे यात्रियों को स्नेह देकर उन्हें उनकी मंजिल तक सुरक्षित पहुंचाएं। इस अवसर पर कुडालकर ने कहा कि इस तरह के स्टैंड से जहां यात्रियों को सुरक्षा मिलेगी, वहीं परेशानी कम होगी।

## भीमा-कोरगांव हिंसा की जांच के लिए गठित आयोग ने कहा- प्रतिदिन के खर्च के लिए भी पैसे नहीं

**मुंबई।** भीमा कोरेगांव हिंसा मामले की जांच कर रहे आयोग के सामने आर्थिक तंगी का संकट आ गया है। स्थिति यह है कि आयोग ने महाराष्ट्र के मुख्य सचिव को एक पत्र लिखा है। इसमें कहा है कि उनके पास प्रतिदिन के खर्च के लिए भी पैसे नहीं हैं। राज्य सरकार ने मामले की जांच के लिए 9 फरवरी, 2018 को आयोग का गठन किया था। जांच आयोग ने पत्र में कहा है- कर्मचारी भी बिना वेतन के आगे काम जारी नहीं रख सकते हैं। करीब 52 लाख रुपए का शुरूआती बजट दिया गया, जो कि पर्याप्त नहीं था। इसके खत्म होने के बाद राज्य सरकार ने पूरक बजट की मंजूरी में देरी की। इसके बाद जिस बजट की मंजूरी दी गई, वह आवश्यकता से बहुत कम है। हाल ही में भीमा कोरेगांव हिंसा से जुड़े मामलों की जांच गृहमंत्रालय ने एनआईए को सौंप दी है। जबकि दो साल से महाराष्ट्र पुलिस ही इस मामले की जांच कर रही थी। केंद्र द्वारा इस मामले की जांच एनआईए को सौंपे जाने पर महाराष्ट्र सरकार ने विरोध किया था और इसे संविधान के खिलाफ बताया था। राज्य के गृहमंत्री ने कहा था कि केंद्र ने बिना राज्य से किसी तरह की बात हुए इस मामले की जांच एनआईए को सौंप दी है। बताया जा रहा है कि केंद्र के इस फैसले के खिलाफ राज्य सरकार सुप्रीम कोर्ट जा सकती है।

**भीमा-कोरगांव में जनवरी 2018 को हुई थी हिंसा:** भीमा-कोरेगांव में 1 जनवरी, 2018 को हिंसा भड़क गई थी। इस घटना में एक व्यक्ति की जान चली गई थी, जबकि कई अन्य घायल हुए थे। पुलिस ने 162 लोगों के खिलाफ 58 मामले दर्ज किए थे। इसमें अरुण थॉमस फेरेरिया, रोना जैकब विल्सन, सुधीर प्रल्हाद धवले समेत 19 आरोपी हैं। कोर्ट में पेश ड्राफ्ट चार्जशीट के मुताबिक, आरोपी पूर्व पीएम राजीव गांधी की हत्या की तरह ही रोड शो के दौरान पीएम मोदी की हत्या की साजिश रच रहे थे। आरोपियों में मानवाधिकार वकील, शिक्षाविद और लेखक शामिल हैं। पुलिस ने इनका संबंध प्रतिबंधित सीपीआई (माओवादी), कबीर कला मंच (केकेएम) से बताया है।

(पृष्ठ 1 का शेष)

### उद्धव का ऐलान

सीएम ने यह बातें शिवसेना के मुखपत्र 'सामना' को दिए एक इंटरव्यू में कही। महाराष्ट्र में सत्तारुढ़ महाविकास अघाड़ी की सरकार के सीएम उद्धव ठाकरे ने सामना के संपादक तथा शिवसेना सांसद संजय राउत को इंटरव्यू दिया है। ठाकरे ने कहा, सीएए से देश के किसी भी नागरिक की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। हालांकि एनआरसी को महाराष्ट्र में लागू नहीं होने दिया जाएगा। एनआरसी लागू होने से हिंदू और मुस्लिमों दोनों के ही लिए नागरिकता साबित करना काफी मुश्किल हो जाएगा। मैं ऐसा नहीं होने दूंगा। अपनी ही पार्टी के मुखपत्र सामना में उद्धव ठाकरे ने हिंदुत्व का नारा फिर से बुलंद किया है। उन्होंने कहा, हमने हिंदुत्व नहीं छोड़ा है और ना ही कभी छोड़ेंगे। महाराष्ट्र में हमने गठबंधन किया है, इसका मतलब यह नहीं कि हमने धर्म बदल लिया है। विचारधारा से कोई समझौता नहीं किया है। गौरतलब है कि महाराष्ट्र की सियासत में 'हिंदू हृदय सम्राट' पर राजनीति चल रही है। इस मुद्दे पर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (एमएनएस) और शिवसेना के बीच जंग शुरू हो गई है। दोनों ही दल हिंदुत्व की सियासत पर अपना हक जता रहे हैं। हाल ही में ठाणे में एक पोस्टर लगा था, जिसमें राज ठाकरे को 'हिंदू हृदय सम्राट' बताया गया था।

### महाराष्ट्र के किलों में शराब पीते पकड़े गए तो होगी जेल

राज्य के गृहविभाग की ओर से एक सर्कुलर पास किया गया है। इसमें कहा गया है कि प्रदेश में 350 किलों हैं। इनमें से कई मराठा शासक छत्रपति शिवाजी महाराज के द्वारा बनाए गए हैं। जो पर्यटक इन ऐतिहासिक स्थलों की पवित्रता से अनभिज्ञ हैं, वे अपने साथ शराब लेकर जाते हैं और शांति भंग करते हैं। आदेश में कहा गया है कि पहली बार अपराधियों पर 10,000 रुपए का जुर्माना और छह महीने की सजा और दूसरी बार पकड़े जाने पर एक साल की कैद और 10,000 रुपए जुर्माना देना होगा। विभाग ने संबंधित अधिकारियों को ऐतिहासिक स्थलों पर चेतावनी नोटिस लगाने का निर्देश दिए हैं।

### बजट में एनआरआई को झटका

लेकिन इस मामले में वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने सफाई दी है। निर्मला सीतारमण ने बताया कि एनआरआई की सिर्फ भारतीय कमाई पर टैक्स लिया जाएगा। अब तक ये वर्ग टैक्स के झंझट से मुक्त था। टैक्स एक्सपर्ट मानते हैं कि वैसे भारतीय जो सिर्फ टैक्स बचाने के लिए देश से बाहर रहते हैं सरकार का ये कदम उनके लिए एक झटका है। वहीं वित्त मंत्रालय की ओर से दी गई जानकारी के मुताबिक विदेश से अर्जित आय पर भारत में तब तक टैक्स नहीं लगाया जाएगा जब तक कि वह किसी भारतीय व्यवसाय से हासिल न हो। मौजूदा व्यवस्था में अगर कोई भारतीय नागरिक भारत से 182 दिनों से ज्यादा दुनिया के दूसरे देश में रहता है तो वो नॉन रेजिडेंट इंडियन बन जाता है। लेकिन बदली हुई व्यवस्था में अगर किसी भारतीय नागरिक को नॉन रेजिडेंट स्टेटस का फायदा लेना है तो उसे भारत में एक साल में 120 दिन से ज्यादा नहीं रहना पड़ेगा। बजट में प्रावधान किया गया है कि एक भारतीय नागरिक को एनआरआई बनने के लिए उसे भारत से 240 दिन बाहर दुनिया के दूसरे देश में रहना पड़ेगा। बता दें कि विदेशी सरकारों की सॉवरेन धन कोष द्वारा निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए वित्तमंत्री ने 31 मार्च, 2024 से पहले और 3 वर्ष की न्यूनतम लॉक-इन अवधि के लिए मैन्युफैक्चरिंग और अन्य क्षेत्रों में किए गए विनिवेश के संबंध में ब्याज, लाभांश और पूंजीगत लाभों को शत-प्रतिशत टैक्स छूट देने का प्रस्ताव किया है।

### पीएम मोदी पर राउत का निशाना

शिवसेना के मुखपत्र सामना में पीएम मोदी पर हमला करते हुए संजय राउत ने कहा है कि पिछले 8-10 दिनों से प्रधानमंत्री पाकिस्तान को धूल-चटाने की बात कर रहे हैं। लेकिन जो ऐसा करेगा, उन्हें राशन भत्ता ही नहीं दिया जा रहा है। एक समाचार का हवाला देते हुए राज्यसभा सांसद ने कहा, 'असली लड़ाई बॉर्डर पर नहीं देश के अंदर है। लड़ाई आर्थिक सुस्ती और बेरोजगारी से है, जिसका असर पैरामिलिट्री फोर्सेस पर भी पड़ रहा है। सरकार के पास 95,000 पैरामिलिट्री फोर्सेस के राशन के लिए भी पैसे नहीं हैं। ये वहीं सुरक्षाकर्मी हैं जो घुसपैठ को रोकते हैं और घुसपैठिए को पकड़ते हैं। कोई भूखा रहकर कैसे लड़ सकता है।' दरअसल खबर में कहा गया है कि पिछले चार महीने में दूसरी बार पैरामिलिट्री फोर्सेस को 3,600 रुपये का राशन भत्ता और बच्चों की शिक्षा के लिए मिलने वाला भत्ता नहीं मिला है। राउत ने पीएम मोदी पर पाकिस्तान के नाम पर देशवासियों को बरगलाने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी का भाषण उत्साह से भरा हुआ था लेकिन उनकी सोच पाकिस्तान से आगे नहीं बढ़ पा रही है। चीन पाकिस्तान से ज्यादा खतरनाक है। भारत के पूर्वी हिस्से में चीन लगातार घुसपैठ कर रहा है। भगवा नेपाल का रंग अब लाल (कम्युनिस्ट) हो चुका है। लेकिन हिंदुत्व सरकार को यह बर्दाश्त है। असल में भारत के लिए पाकिस्तान ज्यादा बड़ी चुनौती है। लेकिन उनकी मजबूरी यह है कि चीन के खिलाफ बोलने पर उन्हें वोट नहीं मिलेगा। जाहिर है बीजेपी और शिवसेना दोनों समय-समय पर देशभक्ति का मुद्दे उठाती रही है। लेकिन एनडीए गठबंधन से अलग होने के बाद शिवसेना बीजेपी को इसी मुद्दे पर घेरने की फिराक में है।







दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर 7

# बाजार का बजट बिगड़ा, लोग गफलत में

## टैक्स स्लैब का नया विकल्प, नौकरीपेशा इसे हर साल बदल सकते हैं, धीरे-धीरे सभी छूट खत्म करने की तैयारी




**स्वतंत्र सागर/संवाददाता**

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार को बजट पेश किया। वित्तमंत्री का भाषण पिछले 73 साल में पेश हुए 91 बजट में सबसे लंबा था। वे सदन में 2 घंटे 41 मिनट तक बोलीं। सीतारमण ने 30.42 लाख करोड़ का बजट पेश किया। इस दिन शेयर बाजार में 6 घंटे में निवेशकों के 3.4 लाख करोड़ रुपए डूब गए, जो कुल बजट का 11% है। पहली बार सरकार ने इनकम टैक्स स्लैब के 2 विकल्प दिए, लेकिन सिर्फ 30 डिडक्शंस वाला नया विकल्प बचत पर भारी पड़ा। बजट की वजह से शेयर बाजार में शनिवार होने के बावजूद ट्रेडिंग हुई। सेंसेक्स 987.96 अंक की गिरावट के साथ 39,735.53 पर बंद हुआ। सेंसेक्स की गिरावट से निवेशकों को 3.46 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। निफ्टी भी 300.25 अंक नीचे 11661.85 पर बंद हुआ। बजट के इतिहास में अंकों के हिसाब से सेंसेक्स में यह अब तक की सबसे बड़ी गिरावट है। बीते 11 साल की भी यह सबसे बड़ी गिरावट है। इससे पहले 24 अक्टूबर 2008 को शेयर बाजार 1070.63 अंक गिरा था।

### बजट भाषण की 10 अहम बातें

- 45 साल में बेरोजगारी शीर्ष पर, फिर भी बजट में रोजगार-नौकरी का 13 बार जिक्र।
- सरकार ने अगले साल के लिए नॉमिनल जीडीपी ग्रोथ प्रोजेक्शन 10% रखा। इस साल के 12% से भी कम।
- 45 लाख रुपए तक का घर खरीदने पर होम लोन के ब्याज पर 1.5 लाख की अतिरिक्त छूट एक साल बढ़ाई।
- हिस्सेदारी बेचने की फेहरिस्त में अब एलआईसी भी, इसमें सरकार अपने कुछ शेयर्स आईपीओ के जरिए बेचेगी। आईडीबीआई में बची हुई 46% हिस्सेदारी भी बेचेगी।
- आधार के जरिए आवेदन करने पर पैन तुरंत ऑनलाइन अलॉट होगा।
- बिजली के स्मार्ट प्री-पेड मीटर लगेंगे, उपभोक्ता अपनी पसंद का सप्लायर और रेट चुन सकेंगे।
- बैंक डूबा तो आपकी 5 लाख रुपए तक की जमा राशि पर आंच नहीं आएगी। 27 साल से सिर्फ एक लाख का बीमा था।
- हर जिला अस्पताल से एक मेडिकल कॉलेज जुड़ेगा।
- फ्रेश इंजीनियरों को शहरी निकायों में एक साल इंटर्नशिप मिलेगी।
- 1 लाख ग्राम पंचायतों तक इंटरनेट कनेक्टिविटी पहुंचेगी।

### रसोई में महंगाई का तड़का

बजट में ऐसे कई ऐलान किए गए हैं जिससे रोजाना जरूरत की कई वस्तुएं महंगी होंगी। इनमें रसोई के सामान से लेकर फर्नीचर, फुटवियर और बच्चों के खिलौने तक शामिल हैं। वहीं, स्पोर्ट्स गुड्स और माइक्रोफोन जैसे आइटम सस्ते होंगे।

**किचन इन्ग्रेडिएंट्स: तेल, बटर घी, पीनट बटर, मक्का, सोया फायबर, सोया प्रोटीन, अखरोट।**

**किचन एप्लाएंस: वाटर फिल्टर, फूड ग्राइंडर, ओवन, कुकर, ग्रिलर, रोस्टर।**

### ये भी महंगे

**रत्न, मेडिकल इक्विपमेंट, शीशे का सामान, ट्रॉफी, सिगरेट, तम्बाकू, तम्बाकू महंगी होगी।**

### सिर्फ ये सस्ते

**न्यूजप्रिंट, स्पोर्ट्स गुड्स, माइक्रोफोन, इलेक्ट्रिक वाहन, रॉ शुगर, प्लास्टिक केमिकल।**

**अब सजना-संवरना भी महंगा पड़ेगा। कंघा, हेयरपिन, कर्लिंग पिन महंगी होगी। बिजली की प्रेस भी महंगी होगी।**

# रोटरी क्लब ऑफ मुंबई वेस्टर्न एलिट और एलिगेंट ने 'मुंबई मेरी जान' वोकेशनल अवार्ड का आयोजन किया




**रोटरी** क्लब ऑफ मुंबई वेस्टर्न एलीट और एलिगेंट ने 'मुंबई मेरी जान', वोकेशनल अवार्ड का आयोजन मुंबई के उन लोगों के लिए किया जो मानवता और मनुष्यता की सेवा बिना किसी स्वार्थ के कर रहे हैं। 'मुंबई मेरी जान'- दी वोकेशनल सर्विस अवार्ड (2019-20) के विशाल पुरस्कार समारोह में 25 वीरों (हीरो) को उनके प्रयासों के लिए रंगशारदा ऑडिटोरियम, बांद्रा में सम्मानित किया गया। पुरस्कार समारोह का संचालन रोटरी सेवा अभियान टीम की आरटीएन (रोटेरियन) अश्मी पारेख, रोटेरियन दीपक चौधरी और रोटेरियन विनोद ठक्कर, वोकेशनल टीम 1 ने किया। पुरस्कार पाने वालों में श्री विशाल पारुलेकर, समाजसेवी, श्री दिनेश पाटिल, हेड मास्टर, श्री राजेश पांण्डे, हेड कांस्टेबल, श्री बिलास रईस, एम्बुलेंस ड्राइवर, श्री सुरेश कुमार गुप्ता, वॉचमैन, श्री चंद्रकांत खुटाडे, अस्सिटेंट टीचर, श्री कल्पक पिम्पले, फायरमैन, श्री भावेश पटेल, मृतक को सामान उपलब्ध कराने वाले, श्री बिना रमेश, निर्धन बच्चों को पढ़ाना और सहायता प्रदान करना, श्री शैलेश



चौवटिया, पशु कल्याण, श्री प्रवीण कदम, ट्रैफिक पुलिस हेड कॉन्स्टेबल, श्री सुनील सतपुते, मानसिक रूग्ण बच्चों की देखभाल, श्री विलास ताम्बे, सूखे और गीले कचरे और स्वच्छ भारत का प्रचार, श्री किरण पालकर, फायरमैन, श्री बंटी राव, जीवनरक्षा, डॉ प्राजक्ता अम्बेकर, एमओएच ए वार्ड, श्री देवेन सोनी, पर्यावरणविद, श्री मीत अशार, (ईआरटी) पेटा, श्री योजना राजेश लोखंडे, नर्स, श्री आकांक्षा रानाडे, विशेष बच्चों की देखभाल, श्री शीतल ओजस देसाई, झोपड़पट्टी इलाके के बच्चों को पढ़ाना, श्री विद्या कुलदीप पाटिल, सामुदायिक विभाग में सहायक प्रबंधक, श्री मंगेश अनंत नाइक, एएसआई, श्री विनोद शेडगे, दिव्यांग मेडिकल सहायक और श्री हैदर अली और सुश्री सायरा शेख, ऑटो ड्राइवर। इस विशाल कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, डीजी रोटेरियन हरजीत सिंह तलवार और सम्मानीय अतिथि डिप्टी कमिश्नर ऑफ पुलिस श्री संदीप भाजी भाकरे थे। इस कार्यक्रम को सुन्दरतापूर्वक ढंग से रूपरेखा तैयार करने वाले दो क्लबों रोटरी क्लब ऑफ मुंबई वेस्टर्न एलिट और रोटरी क्लब मुंबई एलिगेंट ने 19 मेजबान क्लबों के साथ संपन्न किया। इस कार्यक्रम में शैलजा चौधरी, जुगल किशोर पंसारी, विकास गोयल और ट्विंकल सांघवी ने भी हिस्सा लिया।

# जरुरी है कोरोना वायरस के बारे में सही जानकारी व सावधानी

**कोरोना वायरस** जिसके नाम से ही आज डर का माहौल देश में फैला हुआ है। अभी तक केरल में चीन से लौटे एक व्यक्ति के संक्रमित होने की पुष्टि हो चुकी है। वैसे तो भारत देश इससे निपटने के लिए अक्षम है पर आम जागृति रखना भी जरुरी है वैसे तो आज भारत काफी बदल चुका है। देश में उच्च स्तरीय चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध है। सेना ने भी चीन से आने वाले लगभग 600 छात्रों और अन्य भारतीयों को दिल्ली के छावला और हरियाणा के मानेसर कैम्प में ठहराने की व्यवस्था की है। चीन से 324 भारतीय यात्रियों का पहला दल विशेष विमान से दिल्ली आ चुका है। सभी भारतीयों को इंडो-तिब्बत सीमा पुलिस की बिल्डिंग और इंडियन आर्म फोर्स मेडिकल सर्विसेज भवन में रखा जाएगा। दिल्ली और हरियाणा में बने अस्थाई कैम्प में ले जाने से पहले चीन से आने वाले सभी भारतीयों को दो सप्ताह तक रखने की व्यवस्था की गई है। इस दौरान यह सभी लोग अपने परिवार समेत किसी भी अन्य व्यक्ति से नहीं मिलेंगे।



अशोक भाटिया

सेना द्वारा बनाए गए 600 बिस्तरों वाले अस्थाई केन्द्रों में विशेषज्ञों की टीम द्वारा निगरानी की जाएगी। ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि चीन से आए भारतियों के शरीर में कोरोना वायरस का संक्रमण मौजूद रहा तो दो सप्ताह के दौरान उस वायरस की पहचान, रोकथाम और उपचार किया जा सके। कोरोना वायरस के जेनेटिक कोड के विश्लेषण में यही सामने आया है कि यह मनुष्यों को संक्रमित करने की क्षमता रखने वाले कोरोना वायरस की तुलना में सार्स के ज्यादा नजदीक है। भारत समेत दुनिया के 20 देशों में कोरोना वायरस के मामले सामने आए हैं। लोगों में खौफ का माहौल है। कोरोना वायरस के उद्गम स्थल चीन की सरकार भी महामारी से लड़ने की ठान चुकी है, चीन की सरकार हर वह कदम उठा रही है जो जरूरी है। कोरोना वायरस को लेकर कई तरह के भ्रम या मिथक फैल गए हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि कोरोना वायरस से मौत का खतरा करीब 20 फीसदी ही है तो यह मिथक ठीक नहीं है कि कोरोना वायरस होने पर मौत होना तय है। यह भ्रम भी फैला हुआ है कि आपके घर में पालतू जानवर से यह वायरस आपको संक्रमित कर सकता है।

हालांकि यह वायरस कुत्ते या बिल्ली से भी फैल सकता है। ऐसे में जानवरों से सम्पर्क के बाद स्वच्छता का पूरा ध्यान रखा ही जाना चाहिए। 2011 में स्टीवन सोडरबर्ग के निर्देशन में बनी फिल्म 'कंटेजियन' अब जबर्दस्त तरीके से वायरल हो रही है। इस फिल्म में एक खतरनाक वायरस के फैलने की कहानी दिखाई गई है। भारतीयों को यह फिल्म देखकर भयभीत होने की जरूरत नहीं है, बल्कि खुद सतर्क रहने और दूसरों को इसके बारे में जागरूक करने की जरूरत है। विश्व स्वास्थ्य संगठन की सबसे बड़ी चिंता यही है कि यह वायरस खराब स्वास्थ्य सुविधाओं वाले गरीब देशों में न फैल जाए। अगर ऐसा होता है तो भयंकर परिणाम होंगे। भारतीयों को यह भी चाहिए कि चीन से आयातित खाद्य पदार्थों का सेवन भी नहीं करे। भारतीय परिस्थितियों में आम तौर पर सर्दी-जुकाम को एक सामान्य बीमारी की तरह लिया जाता है और लोग ज्यादा फिक्र नहीं करते। आज की परिस्थितियों में लापरवाही की जरा भी गुंजाइश नहीं है। जांच के बाद प्रभावित लोगों का अधिकतम सावधानी से उपचार ही एकमात्र उपाय है और केन्द्र सरकार ने इसकी व्यवस्था की है।

# एएसीसीआई ने फैशन विस्टा ग्लैमर एंड स्टाइल अवार्ड देकर विनोद यादव का किया सम्मान

**एशियाई-अफ्रीकी** चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (एएसीसीआई) ने नई दिल्ली में अपने प्रमुख शिखर सम्मेलन- द्वितीय एशियन अफ्रीकन लीडरशिप फोरम का आयोजन किया। उसी अवसर पर फिल्म अभिनेता विनोद यादव को ए ए सी सी आई ने फैशन विस्टा ग्लैमर एंड स्टाइल अवार्ड देकर सम्मानित किया। आपको बता दें कि विनोद यादव ने हालिया प्रदर्शित भोजपुरी फिल्म 'गुंडा' में अभिनय किया है। इस फिल्म ने उत्तरभारत सफलता हासिल की थी। आने वाले समय में विनोद बॉलीवुड की कई फिल्मों में महत्वपूर्ण भूमिका में नजर आएंगे। समारोह में उपस्थित विशिष्ट हस्तियों में एच ई जॉर्ज मकोंडीवा, एच ई ग्रेस अकेलो, उच्चायुक्त युगांडा के साथ नाइजीरियाई उच्चायुक्त एच ई मेजर, भारत में बांग्लादेश उच्चायोग के काउंसलर एम. शफीउल आलम भी वक्ताओं और उपस्थित लोगों में शामिल थे। प्रख्यात गणमान्य व्यक्तियों ने 'नई विश्व व्यवस्था' में एशिया और अफ्रीका की महत्वपूर्ण भूमिका का संकेत दिया और अफ्रीका में व्यापार और निवेश के जीवंत अवसरों के बारे में बात की। उन्होंने अफ्रीका में विकासशील




बुनियादी ढांचे और प्राकृतिक संसाधनों की प्रचुरता पर भी जोर दिया। एएसीसीआई के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. जीडी सिंह ने कहा, एशिया और अफ्रीका के बीच हर तरह के व्यापारिक अवसरों में अभूतपूर्व वृद्धि हुई है और एएसीसीआई विभिन्न प्लेटफार्मों की पेशकश कर रहा है जो व्यापार और निवेश के अवसर प्रदान करते हैं। इस मौके पर एएसीसीआई के संस्थापक और अध्यक्ष डॉ. जीडी सिंह ने सिद्धि और विकास उन्मुख नेटवर्क के बारे में विस्तार से बताया जो एएसीसीआई द्वारा विकसित परियोजनाओं, खासकर सार्वजनिक-निजी भागीदारी और विशेष रूप से एक से अधिक एएसीसीआई के सदस्य देश को क्षेत्रीय परियोजनाओं के विकास में किया गया है। समारोह में भारत रत्न भारत गोराडिया (यूएसए, भारतीय कला और संस्कृति के अंतर्राष्ट्रीय प्रवर्तक), शिबानी कश्यप (गायक), रवींद्र नारायण (अध्यक्ष, पीटीसी), डॉ. संदीप बंसल (मालिक पिटारा चैनल), देव जैसी प्रसिद्ध हस्तियों ने भाग लिया। इस कार्यक्रम में अभिनेता विनोद यादव सहित सुरिंदर शिंदा (फोक सिंगर), रोशन प्रिंस (एक्टर/सिंगर), संध्या शेट्टी (सेलिब्रिटी स्पीकर), प्रीत कमल (एक्ट्रेस), गीत गंभीर (एक्ट्रेस), कुवर विर्क (सिंगर/रैपर) अमीक विर्क (फिल्म निमार्ता), शब्बी (संगीत वीडियो निर्देशक), रागिनी टंडन (गायक), मनदीप सिंह छतवाल और कई लोगों को सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि फैशन विस्टा ग्लैमर एंड स्टाइल अवाड्र्स, पंजाबी 2019 का उद्देश्य पंजाब फिल्म उद्योग है, जिसे पॉलीवुड के रूप में भी जाना जाता है, जो तेजी से विस्तारित और बेहद रचनात्मक फिल्म उद्योग है, जिसने कई फिल्मों का निर्माण किया है जिन्हें अंतर्राष्ट्रीय पहचान और प्रसिद्धि मिली है।

# नेहरू युवा खेल तथा मंत्रालय और द हुमन योगा फाउंडेशन द्वारा बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता का आयोजन



**दिनांक** 27 जनवरी 2020 दिन सोमवार नेहरू युवा खेल एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार मिनिस्ट्री ऑफ स्पोर्ट्स (मुंबई समन्वय) श्रीमती कविता श्रीवास्तव एन वाई के. इन्फ्लेशन द, हुमन योगा फाउंडेशन द्वारा कार्यक्रम का आयोजन, महालक्ष्मी फिटनेस आयोजक योगा ग्रैंड मास्टर राधेश्याम जयसवार, भानजी वाला एवं दिनेश वाला जिम ट्रेनर, द हुमन योगा फाउंडेशन के सभी अधिकारी अर्चना जयसवार, हीरा जयसवार घनश्याम जायसवार सुमन त्रिपाठी ,योगा टीचर निलेश, योगा टीचर संजय सिंह, योगा टीचर सुयोग शेट्टी, कार्यक्रम महालक्ष्मी रेस कोर्स गेट नंबर 4 के सामने कार्यक्रम का आयोजन हुआ कार्यक्रम में आए बॉडी बिल्डिंग खिलाड़ियों को कार्यक्रम में मेडल और प्रमाण पत्र देकर स्वागत किया गया कार्यक्रम में बहुत सारे चीफ गेस्ट आए। श्री राष्ट्रपति सम्मानित योगेश दुबे जी, संदीप पांडे, उत्तर भारती महासंघ के उपाध्यक्ष डॉ मनोज दुबे, उत्तर भारतीय वहां संघ के श्रेष्ठ व अधिकारी बैंक ऑफ बड़ौदा सभी अधिकारी कास्वगात किया गया और स्पेशल टाइप्स ऑफ बैंक ऑफ बड़ौदा और कार्यकर्ता कार्यक्रम में दिनेश वाला जिम ट्रेनर के तरफ से रोजगार मिला, भानजी वाला यह दोनों भाइयों ने मिलकर अपने जीवन में निस्वार्थ काम करते हैं, उन्होंने अपने पूरे 40 साल के कैरियर निस्वार्थ सेवा की है, मुंबई की इससे गवर्नमेंट को उनको बेस्ट सोशल वर्कर का प्रमाण पत्र देना चाहिए, बेस्ट सोशल वर्कर का अवार्ड देना चाहिए। दिनेश जिम ट्रेनर को, योग गुरु राधेश्याम योग सिखाया गौतम बुद्ध उद्यान एवं लाफ्टर क्लब में जो स्थित है वाली सेलिंग के पास कई प्रकार के लोग हैं जो अपने जीवन में देश के प्रति आत्मा विश्वास और देश को आगे बढ़ाने की चिंता जागृत करते रहते हैं निस्वार्थ काम करना बेरोजगार को रोजगार देना योगा टीचर बनाकर उनको रोजगार देकर हमारा उनके जीवन का लक्ष्य हैं सेवा करना बुजुर्गों की सेवा करना इसलिए हमने यह नाम रखा है द हुमन योगा फाउंडेशन, स्पोर्ट्स क्लब महालक्ष्मी मे अधिकारी, व मुंबई के पुलिस के सहयोग से कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

# उल्हासनगर में केटीएम स्टंट शो का आयोजन






**के.टी.एम.स्टंट** शो का आयोजन हाल ही में उल्हासनगर में किया गया। के.टी.एम.यूरोप की सबसे बड़ी रेसिंग ब्रांड कंपनी है। स्टंट शो को ग्राहकों एवं युवाओंका अच्छा प्रतिसाद मिला। पेशेवर रेसरों से प्रशिक्षण दिलानेके साथ-साथ स्टंट- कला देकने का अवसर मिला। श्री. सुमित नारंग, प्रेसिंडेंट, बजाज ऑटो लिमिटेड ने कहा, यह फेस्टीवल मौज-मस्ती से भरा विशाल मनोरंजक कार्यक्रम प्रस्तुत करने के इरादे से आगे चलकर भी आयोजित किया जाएगा।

दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

# अमित शाह ने पूछा, विपक्ष का पाकिस्तान से यह रिश्ता क्या कहलाता है

**नई दिल्ली।** दिल्ली विधानसभा चुनावों में पाकिस्तान के इंट्रेस्ट लेने की बात सामने आते ही बीजेपी को विपक्षियों पर हमला बोलने की एक और नई वजह मिल गई है। पाकिस्तान के मंत्री चौधरी फवाद हुसैन के द्वारा 8 फरवरी को होने वाले दिल्ली के विधानसभा चुनावों में बीजेपी और नरेंद्र मोदी को हराने की अपील किए जाने के बाद बीजेपी ने विपक्षियों पर हमले और तेज कर दिए हैं। शुक्रवार को चुनावी जनसभाओं में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने भी पूछा कि पाकिस्तान के साथ कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का क्या रिश्ता है?



शकूर बस्ती की जनसभा में अमित शाह ने सर्जिकल स्ट्राइक और एयर स्ट्राइक का जिक्र करते हुए कहा, 'देशभर ने इन दोनों घटनाओं के कारण गौरव का अनुभव किया, मगर वोट बैंक के तुष्टिकरण वाली टोली सबूत मांगती है। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री भी सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगते हैं, तो ये लोग भी सबूत मांगते हैं। वो कश्मीर से धारा-370 हटाने का विरोध करते हैं, तो ये लोग भी विरोध करते हैं। वो राम मंदिर के निर्माण और नागरिकता संशोधन कानून पर सवाल उठाते हैं, तो ये लोग भी सवाल करने लगते हैं।'

उन्होंने कहा, 'मुझे तो समझ में नहीं आता कि इमरान खान, राहुल गांधी और केजरीवाल के बीच रिश्ता क्या है। शाह ने कहा कि असल में ये लोग (अरविंद केजरीवाल और राहुल गांधी) अपनी वोट बैंक की राजनीति के कारण सबूत मांग रहे थे।' शाह पिछले कुछ दिनों से लगातार शाहीन बाग के मुद्दे को वोट बैंक से जोड़ते हुए हर सभा में लोगों से पूछ रहे हैं कि क्या आप लोग उनके वोट बैंक हैं? इस पर लोग जवाब दे रहे हैं- नहीं। फिर शाह पूछते हैं कि फिर उनका वोट बैंक कौन है? तो जवाब में लोग जोर से कहते हैं- शाहीन बाग। एक तरह से शाह ने शाहीन बाग को एक तरह से समुदाय विशेष के वोट बैंक के रूप में तब्दील कर दिया है या उसका उदाहरण बना दिया है। इसे वोटों के ध्रुवीकरण की उनकी रणनीति के रूप में देखा जा रहा है।

शाह पहले ही इस चुनाव को दिल्ली और देश की सुरक्षा से जोड़कर लोकल मुद्दों को पीछे छोड़ चुके हैं। शुक्रवार को भी अपनी सभाओं में उन्होंने कहा कि ये दो विचारधाराओं के बीच का चुनाव है। मोदी जी विकास तो करेंगे ही, दिल्ली और देश को सुरक्षित रखने का काम भी करेंगे। शाह ने अपनी सभाओं में नंबर वाले लॉकिंग सिस्टम का जिक्र करते हुए कहा कि दिल्ली वालों, आपने एक गलती कर दी है। मैं आपको बताता हूं, वो गलती क्या है। एक बैग आता है, तीन नंबर वाला। उस बैग का ताला तभी खुलता है, जब वो तीनों नंबर मैच करते हैं। आप लोगों ने केंद्र में तो एक नंबर कर दिया, कॉरपोरेशन में भी एक नंबर कर दिया, लेकिन बीच में राज्य सरकार में जीरो नंबर कर दिया, इसलिए दिल्ली के विकास का ताला नहीं खुल रहा है। आप दिल्ली में भी एक नंबर मोदी जी वाला कर दो, विकास का ताला अपने आप खुल जाएगा।

## चीन से लौटी संदिग्ध मरीज 4 दिन घूमी शहर में, सीएमओ टीम ने जांच को भेजा सैंपल

**लखनऊ।** करॉना वायरस का खौफ आखिरकार लखनऊ पहुंच गया। वायरस से संक्रमित एक महिला चार दिन तक शहर में बिना किसी रोक-टोक के घूमती रही और किसी सरकारी महकमे ने संज्ञान नहीं लिया। बुधवार को सीएमओ की टीम को इसकी जानकारी मिली तो भी उसे किसी अस्पताल के आइसोलेशन वॉर्ड भर्ती करने के बजाय घर में रहने का निर्देश दिया गया। टीम ने महिला का ब्लड सैंपल जांच के लिए स्टेट लैब भेजा है।

एसीएमओ व करॉना वायरस के नोडल अधिकारी मनोज यादव ने बताया कि चीन के



शंघाई शहर से 25 जनवरी को लखनऊ में तीन यात्री आए थे। उस वक्त एयरपोर्ट पर करॉना संक्रमण की जांच की व्यवस्था नहीं थी। तीन-चार दिन पहले शासन से हमारे पास रिपोर्ट आई कि इन तीन यात्रियों में शामिल महिला में करॉना वायरस से संक्रमण के लक्षण मौजूद हैं।

इसके बाद 29 जनवरी को स्वास्थ्य विभाग की टीम महिला के घर पहुंची। महिला को बुखार, कफ, खांसी-जुकाम है। ये संक्रमण के शुरूआती लक्षण हैं। डॉक्टरों ने महिला के सैंपल लेकर जांच के लिए भेज दिए हैं और इसकी पूरी रिपोर्ट केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के महानगर स्थित कार्यालय भी भेज दी गई है। यूपी में करॉना वायरस संक्रमण की जांच की सुविधा सिर्फ केजीएमयू में ही मौजूद है।

## शिक्षा के साथ रचनात्मक कार्यों में रूची ले युवा- डॉ देव ब्रत



**जौनपुर।** टीडी कॉलेज जौनपुर पंचदिवसीय रोवर्स रेंजर्स प्रशिक्षण शिविर के तृतीय दिवस को डॉ अरुण कुमार चतुवेर्दी ने झंडारोहण किया और अपने संबोधन में उन्होंने युवाओं के लिए स्काउट गाइड रोवर रेंजर्स बीपी सिक्स के बारे में बताया कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए रोवरिंग रेजरिंग महत्वपूर्ण मार्गदर्शन करते हैं।

उन्होंने विद्यार्थी जीवन को स्वर्णिम काल कहा क्योंकि विद्यार्थी जीवन से ही भावी जीवन का निर्माण होता है यदि इस काल में विद्यार्थी सामाजिक कार्यों में सम्मिलित होकर विद्याग्रहण करता है तो निश्चय ही अपने भावी जीवन में वांछित सफलता प्राप्त करने में सफल रहता है और इसमें रोवर रेंजर की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। डॉ अजय कुमार दुबे ने कहा कि रोवर्स रेंजर्स के माध्यम से हम पर्यावरण संरक्षण, जल संरक्षण, संस्कृति संरक्षण का विशेष ज्ञान होता है। बीपी सिक्स ,योग ,गांठे बंधन स्काउट गाइड का उद्देश्य दूसरे की सहायता करने सेवा करने की प्रेरणा देता है डॉ राजीव रतन ने कहा कि अच्छे काम करते रहिए चाहे कोई प्रशंसा करें या ना करें।अध्यक्षीय उद्बबोधन में डॉ देवब्रत मिश्रा जी ने कहा कि हमें शिक्षा के साथ-साथ रचनात्मक क्रियाओं द्वारा विद्यार्थियों को क्रियाशील बनाए रखने के लिए निरंतर प्रयास किया जाना चाहिए। प्रशिक्षण में इसका महत्वपूर्ण योगदान है और सभी को इसमें बढ़कर भाग लेना चाहिए। डॉ गीता सिंह ने सांस्कृतिक कार्यक्रम के विविध पहलुओं के व्यवहारिक तथ्यों से अवगत कराया आभार एवं संचालन डॉ दिग्विजय सिंह ने किया। प्रशिक्षक ज्ञान चंद चौहान, अजय चौहान, अम्बुज सिंह एवं आफशां तरन्नुम रहे ।

## फर्जी बैंक चला रहे थे जालसाज, 400 लोगों से ठगे 60 लाख रुपये


**आगरा।** पूरी व्यवस्था को बता कर आगरा के शाहगंज क्षेत्र में बाकायदा इनक्रेडिबल बैंक के नाम से फजीर्वाड़ा चल रहा था। बैंक में मैनेजर से लेकर तमाम कर्मचारी भी फर्जी थे। यही नहीं फतेहपुर सीकरी, होलीपुरा और इरादतनगर में फर्जी बैंक की शाखाएं भी जालसाजों ने खोल रखी थीं। ग्रामीण इलाके में दो और ब्रांच खोली जानी थीं। कई साल से यह फजीर्वाड़ा चल रहा था। ठगों ने बैंक में मामूली ब्याज पर कर्ज और रकम दोगुना करने का लालच देकर खाते खुलवाए। 400 लोगों से खाते खोलने के नाम पर 60 लाख रुपये ठग लिए। पुलिस ने फर्जी बैंक का भंडाफोड़ कर जालसाली गिरोह के तीन सरगना सहित छह लोगों को गिरफ्तार किया है।

बैंक के नाम पर चल रहे इस फजीर्वाड़े का खुलासा तब हुआ, जब पिछले दिनों शाहगंज निवासी हैदर ने एसएसपी बबलू कुमार से शिकायत कर कहा कि कई लोगों से शाहगंज के इनक्रेडिबल बैंक में रकम जमा करने के नाम पर ठगी की जा रही है। इस पर एसएसपी ने साइबर सेल और शाहगंज पुलिस को जांच में लगाया। जांच के दौरान चौंकाने वाला खुलासा हुआ और पूरे गैंग को पकड़ लिया गया। एसपी सिटी बोत्रे रोहन प्रमोद ने बताया कि इनक्रेडिबल बैंक के सरगना रघुवीर, अफरोज और नेमीचंद सहित छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। बैंक फ्रॉड के सरगना और सदस्य लोगों को सौ, 160, 300, 500, 1000 और 10 हजार रुपये प्रतिमाह का खाता खोलने का झांसा देते थे।

## ऐक्शन में सीएम योगी, भ्रष्टाचार के आरोप में एसडीएम बर्खास्त

**लखनऊ।** भ्रष्टाचार की शिकायतों पर योगी सरकार का ऐक्शन जारी है। सरकारी जमीन की हेरा-फेरी के मामले में फरुर्खाबाद में तैनात एसडीएम बसंत कुमार गुप्ता को बर्खास्त कर दिया गया है। इस मामले में करीब दो साल पहले उन्हें निलंबित भी किया गया था।

मामले के अनुसार, बसंत कुमार गुप्ता साल 2015 में वाराणसी में अतिरिक्त उपजिलाधिकारी माल के पद पर थे। इस दौरान उन्होंने वरुणा नदी के किनारे की करीब तीन एकड़ सरकारी जमीन एक होटल कारोबारी के नाम स्थानांतरित कर दी थी। इसका कीमत करीब 7 करोड़ रुपये थी। कागजों में यह जमीन होमगार्ड विभाग के नाम पर बताई जा रही थी।



तत्कालीन डीएम योगेश्वर राम मिश्र ने शिकायतों पर जांच करवाई तो मामला सही पाया गया और जमीन का स्थानांतरण निरस्त हुआ। उन्होंने बसंत से न्यायिक कार्य भी छीन लिए थे। बाद में उनका तबादला फरुर्खाबाद में एसडीएम के पद पर हो गया था। जांच पूरी होने के बाद दोषी पाए जाने पर सीएम कार्यालय ने उनकी बर्खास्तगी पर मुहर लगा दी है।

## हेरोइन तस्करी का आरोपी इटली में पकड़ा गया

**अहमदाबाद।** इंटरपोल को नौ सौ करोड़ रुपए की हेरोइन तस्करी रैकेट के मुख्य आरोपी को इटली से इस सप्ताह पकड़ने में सफलता मिल गई है। गुजरात आतंकवाद रोधी स्क्वाड (एटीएस) के एक अधिकारी ने शुक्रवार को यहां यह जानकारी दी। एटीएस ने अगस्त 2018 में पांच किलोग्राम हेरोइन बरामद कर दो लोगों को गिरफ्तार किया था। जांच से पता चला था कि यह 300 किलोग्राम की खेप का ही हिस्सा थी जो मंडावी तट से पाकिस्तान के जरिए गुजरात पहुंची थी।

# सर्दियों में इन जगहों पर मिलेंगे साइबेरियन पक्षी, बर्ड लवर्स जरूर जाएं

**भारत में इन जगहों पर दिखेंगे खूबसूरत माइग्रेटरी बर्ड्स**

सर्दियां शुरू होते ही पर्यटक नई-नई जगहों पर घूमने निकल जाते हैं। सर्दियों सबसे खास आकर्षन होता है स्नोफॉल। कई लोग स्नोफॉल का मजा लेने के लिए हिल स्टेशन का प्लान बनाते हैं। हालांकि, अगर आपको ठंड से दिक्कत है और हिल स्टेशन नहीं जाना चाहते हैं, तो इस मौसम में आपके लिए एक और तोहफा है। इस मौसम में साइबेरियन पक्षी भारत का रुख करते हैं। इनको देखने का अलग ही आनंद है। खासकर, बर्डलवर्स के लिए इससे अच्छा और क्या मौसम हो सकता है। आइए, आपको बताते हैं कि आप कहां-कहां साइबेरियन बर्ड्स को देखने का आनंद ले सकते हैं।

**चिलिका लेक, ओडिशा**

ओडिशा में पुरी के पास स्थित चिलिका लेक एशिया की सबसे बड़ी झील कही जाती है। इस झील में यूं तो खूब डॉलफिन्स देखने को मिलती हैं लेकिन सर्दियों में यहां का नजारा माइग्रेटरी बर्ड्स के कारण और खूबसूरत हो जाता है।

**नालसरोवर बर्ड सेंक्चुरी, अहमदाबाद**

अहमदाबाद में स्थित नालसरोवर बर्ड सैंक्चुरी भी माइग्रेटरी बर्ड्स को देखने के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है।

**सुंदरबन जंगल, बंगाल**

पश्चिम बंगाल का सुंदरबन यूं तो कई तरह के जीव-जंतुओं का घर है। ठंड के मौसम में दूर देश के माइग्रेटरी बर्ड भी यहां पहुंचते हैं।

**कुमारकम, केरल**



केरल का कुमारकम अपने खूबसूरत बैकवॉटर्स के लिए जाना जाता है। अगर आप ठंड के मौसम में जाएंगे तो यहां माइग्रेटरी बर्ड्स की खूबसूरत उड़ान भी देख पाएंगे।

**संगम, प्रयागराज**

प्रयागराज में यूं तो लोग संगम में स्नान के लिए जाते हैं। मकर संक्रांति से शुरू होने वाले माघ मेले में हजारों श्रद्धालु आते हैं। इस दौरान न सिर्फ कल-कल बहती दोनों नदियां बेहद खूबसूरत नजर आती हैं बल्कि आसमान में साइबेरियन पक्षी भी शान से उड़ते हैं।

**भरतपुर बर्ड सैंक्चुरी, राजस्थान**

राजस्थान का भरतपुर बर्ड लवर्स के लिए परफेक्ट डेस्टिनेशन है। ठंड के मौसम में आपको यहां कई तरह के साइबेरियन पक्षी मिल जाएंगे।

## दुनिया का सबसे ज्यादा वीगन-फ्रेंडली शहर बना लंदन



**वीगन-फ्रेंडली शहर लंदन**

2019 में दुनिया की सबसे वीगन-फ्रेंडली सिटीज की लिस्ट में लंदन ने टॉप पोजिशन हासिल की है। इस सर्वे को हैपीकाउ नाम के ऑनलाइन वीगन रेस्ट्रॉन्ट गाइड ने करवाया है। लंदन के अलावा बर्लिन, न्यू यॉर्क, लॉस ऐंजिलिस और बैंकॉक ने भी टॉप 10 में जगह बनाई है। लंदन में 152 वीगन रेस्ट्रॉन्ट्स हैं, जहां चिकन, सुशी और पिज्जा जैसी चीजों का वीगन ऑप्शन आसानी से उपलब्ध होता है। साल 2017 में लंदन ऐसा पहला शहर बना था जिसमें 100 पूरी तरह से वीगन रेस्ट्रॉन्ट चलाए जा रहे थे।

**इन आधारों पर तय हुई रैंक**

1. हर शहर में सबसे अधिक वीगन रेस्ट्रॉन्ट क्षेत्र के भीतर 8 किलोमीटर के दायरे में शाकाहारी रेस्ट्रॉन्ट की संख्या।
2. इसी दायरे में मौजूद वीगन रेस्ट्रॉन्ट्स के मेन्यू में वीगन, वेजिटेरियन और वेजी डिशेज की उपलब्धता।
3. सर्वे करने वाले शख्स का शहर में वीगन-फ्रेंडलीनेस को लेकर इम्प्रेशन।

वीगन सोसायटी के सर्वे के मुताबिक, साल 2014-18 के बीच वीगन लोगों की संख्या तेजी से बढ़ी है। 2018 में यूके में वीगन्स की संख्या करीब 6 लाख थी जो ब्रिटिश जनसंख्या का 1.16 प्रतिशत है।

**ये हैं दुनिया के टॉप वीगन शहर**

लंदन, यूके, न्यू यॉर्क, यूएसए, बर्लिन, जर्मनी, लॉस ऐंजिलिस, यूएसए, टोरंटो, कनाडा, वॉरसॉ, पोलैंड, पोर्टलैंड, यूएसए, बैंकॉक, थाइलैंड, तेल अवीव, इजरायल, प्राग, चेक रिपब्लिक

## मुंबई हलचल राशिफल

आचार्य परमानंद शास्त्री

**मेष**
अपनी जिम्मेदारियों का ईमानदारी से निर्वहन करें। लेटलतीफी कार्यालय में भारी पड़ सकती है। किसी से पैसों के लेनदेन में सावधानी बरतें।

**वृष**
मौसम की प्रतिकूलता स्वास्थ्य पर असर डाल सकती है इसलिये सचेत रहें। व्यापार में नुकसान उठाना पड़ सकता है। धार्मिक आयोजनों में सक्रियता से हिस्सा लेंगे।

**मिथुन**
कोई आपको बरगलाने का प्रयास कर सकता है इसलिये सावधान रहें। आर्थिक मसलों को पारदर्शिता से निपटाएं। व्यापार में लाभ की संभावना है।

**कर्क**
कोई अनचाहा कार्य आपको परेशानी में डाल सकता है। अपने कार्य के प्रति लापरवाही ठीक नहीं है। स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लेंगे।

**सिंह**
नौकरी में पदोन्नति के साथ स्थानांतर के योग बन रहे हैं। नए दायित्व को लेकर खुशी मिल सकती है। कोई पुरानी बीमारी अचानक उभर सकती है।

**कन्या**
कहीं से नौकरी को लेकर आकर्षक प्रस्ताव सामने आ सकता है लेकिन अपने विवेक से सोच समझकर ही निर्णय लें। व्यापार में लाभ के अवसर मिल रहे हैं।

**तुला**
मेहमानों के आगमन से घर में खुशी का माहौल रहेगा। कोई अपना ही आपको भ्रमित कर सकता है इसलिये सतर्क रहें। बुजुर्गों के मार्गदर्शन को महत्व दें।

**वृश्चिक**
अविवाहितों को विवाह के मौके मिल सकते हैं। परिवार में खुशी का क्षण उपस्थित हो सकता है। मौसमी बीमारियों से कुछ परेशानी हो सकती है।


**धनु**
कार्यालय में कुछ परेशानी आ सकती है। आपकी लापरवाही से अधिकारी के आक्रोश का शिकार हो सकते हैं। अपने दायित्व को ठीक तरह से निभाएं।

**मकर**
आपका मनमाना रवैया दूसरों को परेशानी में डाल सकता है। काम में लापरवाही भारी पड़ सकती है। मौसम का परिवर्तन स्वास्थ्य पर असर डाल सकता है।

**कुंभ**
परिवार के लोगों के साथ धार्मिक यात्रा का कार्यक्रम बन सकता है। यात्रा के दौरान चोरी, दुर्घटना का भय भी है। बच्चों के शैक्षणिक भविष्य की चिंता परेशान कर सकती है।

**मीन**
दिन शुभ रहेगा। आपकी सक्रियता और कार्यशैली लोगों के बीच चर्चा का विषय बन सकती है। अभी कहीं यात्रा का कार्यक्रम बनाने से बचें क्योंकि समय अनुकूल नहीं है।

## इन जगहों पर जाने की सोचे भी ना, ट्रैवल के लिहाज से हैं सबसे खतरनाक



**2020 में इन जगहों पर जाने के बारे में सोचे भी ना**

ट्रैवल लवर्स घूमने के लिए हमेशा नई जगह को एक्सप्लोर करने की कोशिश में रहते हैं, जहां वह इंजॉय कर सकें। हालांकि, दुनिया में ऐसी जगह भी हैं जो ट्रैवल के लिहाज से काफी खतरनाक हैं। साल 2020 में कौन सी जगह ट्रैवल के लिए के लिए सबसे खतरनाक हो सकती हैं इससे जुड़ा एक सर्वे सामने आया है। बेहतर यही है कि आप रिस्क ने लें और इन जगहों पर जाना अवॉइड करें।

**ट्रैवल रिस्क मैप में जारी हुए नाम**

इंटरनैशनल रडर नाम की एक मेडिकल ऐंड ट्रैवल सिक्यॉरिटी रिस्क सर्विस कंपनी ने अपनी 11वीं ट्रैवल रिस्क मैप जारी किया है। इसमें उन्होंने 2020 की सबसे खतरनाक प्लेसेस के बारे में प्रिडिक्शन किया है।

**तीन पैमानों पर जज किया गया**

इस रैंकिंग को ग्लोबल रिस्क एक्सपर्ट्स द्वारा तीन पैमानों पर तय किया गया है। ये पैमाने हैं- मेडिकल, सिक्यॉरिटी और रोड सेफ्टी।

**ये हैं सबसे खतरनाक जगह**

लीबिया, सोमालिया, दक्षिण सूडान और मध्य अफ्रीकी गणराज्य को हर पैमाने पर बेहद खतरनाक पाया गया है।

**यहां जाना भी सेफ नहीं**

इन जगहों के अलावा खतरनाक देशों की लिस्ट में उत्तर-पूर्व अफ्रीका का माली, सीरिया, इराक, यमन, अफगानिस्तान, पाकिस्तान के कुछ हिस्से, उत्तर कोरिया को शामिल किया गया है।

**ट्रैवल के लिए सबसे सुरक्षित देश**

वहीं सबसे सुरक्षित देशों की लिस्ट में आइसलैंड, नॉर्वे, फिनलैंड, डेनमार्क, स्विट्जरलैंड, लक्जमबर्ग, स्लोवेनिया, एंडोरा, स्वालबार्ड और ग्रीनलैंड को शामिल किया गया है। ऐसे में इन जगहों पर सुरक्षा की चिंता किए बगैर बिना झिझक के जाया जा सकता है।

# भारत ने सुपर ओवर में फिर दर्ज की जीत, सीरीज में 4-0 की बढ़त

**वेलिंग्टन।** भारतीय टीम ने वेलिंग्टन में चौथे टी20 में न्यू जीलैंड को सुपर ओवर में हरा दिया और शुक्रवार को मिली इस जीत के साथ 5 मैचों की सीरीज में अपनी बढ़त को 4-0 कर लिया। वेस्ट पैक स्टेडियम में भारत ने निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 165 रन बनाए, जिसके बाद न्यू जीलैंड टीम ने भी 20 ओवर में 7 विकेट पर 165 रन बनाए। मैच टाई हुआ जिसके बाद परिणाम के लिए सुपर ओवर का सहारा लिया गया।

न्यू जीलैंड ने सुपर ओवर में कुल 13 रन बनाए और टीम इंडिया को जीत के लिए 14 रन का टारगेट मिला। भारत ने 5 गेंदों पर 1 विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर लिया। न्यू जीलैंड के लिए कोलिन मुनरो ने एक बार फिर शानदार पारी खेली। उन्होंने चौके के साथ 38 गेंदों पर अपने टी20 इंटरनैशनल करियर का 11वां अर्धशतक जड़ा। मुनरो ने 47 गेंदों की अपनी पारी में 6 चौके और 3 छक्के लगाए। वहीं, सिफर्ट ने 32 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। उन्होंने 18वें ओवर की चौथी गेंद पर चौका लगाया और टी20 इंटरनैशनल करियर का दूसरा अर्धशतक पूरा किया। सिफर्ट ने 39 गेंदों की अपनी पारी में 4चौके और 3 छक्के लगाए।

पारी का अंतिम ओवर करने वाले पेसर शार्दुल ठाकुर ने 2 विकेट झटके। उन्हें मैन ऑफ द मैच चुना गया। ठाकुर के अंतिम ओवर में कुल 4 विकेट गिरे, जिसमें 2 बल्लेबाज टिम सिफर्ट और मिशेल सैंटनर रन आउट हुए। सुपर ओवर करने वाले जसप्रीत बुमराह और स्पिनर युजवेंद्र चहल ने 1-1 विकेट लिया।




मनीष पांडे ने 36 गेंद में नाबाद 50 रन बनाकर भारत को 8 विकेट पर 165 रन तक पहुंचाया। पहले बल्लेबाजी का न्योता पाकर खेलने उतरी भारतीय टीम ने एक समय 6 विकेट 88 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद पांडे ने पारी को संभालकर टीम को सम्मानजनक स्कोर तक पहुंचाया। ओपनर लोकेश राहुल ने 26 गेंदों में 39 रन का योगदान दिया जिसमें तीन छक्के और दो चौके शामिल थे।

## अंडर-19 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में भिड़ेंगे भारत-पाकिस्तान



**बेनोनी (साउथ अफ्रीका)।** साउथ अफ्रीका में खेले जा रहे अंडर 19 वर्ल्ड कप का सुपर लीग सेमीफाइनल लाइन-अप तैयार है। मौजूदा चैम्पियन भारत का मुकाबला 4 फरवरी को पाकिस्तान से होगा। भारत ने पहले ही ऑस्ट्रेलिया को हराकर अंतिम चार में अपना स्थान सुरक्षित कर लिया था। शुक्रवार को सुपर लीग क्वार्टर फाइनल मुकाबले में पाकिस्तान ने अफगानिस्तान को 6 विकेट से मात दी। अफगानिस्तान की टीम पहले खेलते हुए 189 रनों पर सिमट गई। जवाब में पाकिस्तान ने 53 गेंदें शेष रहते ही 4 विकेट खोकर (190/4 ) लक्ष्य हासिल कर लिया। भारत ने 28 जनवरी को ही सेमीफाइनल में जगह पक्की कर ली थी। उसने कंगारुओं को 74 रनों से मात दी थी। ऑस्ट्रेलियाई टीम 234 रनों के टारगेट के आगे 159 रनों पर ढेर हो गई थी ।इससे पहले भारत ने ग्रुप-ए से अजेय रहते हुए क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया था। अंडर-19 वर्ल्ड कप का फाइनल 9 फरवरी को खेला जाएगा। भारतीय टीम अब तक सर्वाधिक 4 बार विजेता रही है और वह अपने पांचवें खिताब की ओर बढ़ रही है।

## तमिलनाडु, महाराष्ट्र ने सीनियर राष्ट्रीय हाकी में जीत दर्ज की




कोल्लम (केरल)। तमिलनाडु और महाराष्ट्र ने दसवीं हाकी इंडिया सीनियर महिला राष्ट्रीय चैंपियनशिप (ए डिवीजन) के दूसरे दिन शुक्रवार को यहां अपने अपने मैच जीते। दिन का पहला मैच पूल ए से खेला गया जिसमें मध्य प्रदेश और ओडिशा ने 2-2 से ड्रा खेला। भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) ने पूल बी में राजस्थान पर 7-0 से बड़ी जीत दर्ज की। पूल सी में तमिलनाडु ने चंडीगढ़ को 4-2 से पराजित किया जबकि इसी ग्रुप में महाराष्ट्र ने उत्तर प्रदेश पर 6-1 से आसान जीत दर्ज की।

## कनाडा की क्रिस्टीन ने रचा इतिहास, बनीं फुटबॉल जगत में सर्वाधिक गोल करने वालीं खिलाड़ी

**नई दिल्ली।** कनाडा की क्रिस्टीन सिंक्लेयर टेक्सास के ब्राउन्सविले में कोनकाकाफ ओलंपिक क्वालीफाइंग टूनामेंट में सेंट किट्स एवं नेविस के खिलाफ टीम की 11-0 की जीत के दौरान अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल इतिहास में सर्वाधिक गोल करने वाली खिलाड़ी बनीं। क्रिस्टीन ने बुधवार को अपने करियर का 185वां गोल दागा और अमेरिका की एबी वैमबैक को पीछे छोड़ा, जिनके नाम अंतरराष्ट्रीय फुटबॉल में सर्वाधिक गोल करने का पिछला रिकार्ड दर्ज था।

क्रिस्टीन ने दो गोल दागे जिससे कनाडा ने सिर्फ 50 हजार की जनसंख्या वाले सेंट किट्स एवं नेविस को कुल अंतर के आधार पर 31-2 से रौंदा। क्रिस्टीन ने ओलंपिक में 11 गोल दागे हैं और वह पांच विश्व कप में गोल करने वाली सिर्फ दो खिलाड़ियों में से एक हैं।



## डोमिनिक थीम फाइनल में, खिताब के लिए होगा जोकोविच से सामना

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रिया के डोमिनिक थीम ने एक सेट से पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए जर्मनी के अलेक्सांद्र ज्वेरेव को हराकर शुक्रवार को यहां पहली बार ऑस्ट्रेलियन ओपन टेनिस टूर्नमेंट के फाइनल में प्रवेश किया। अब उनका सामना सात बार के चैंपियन सर्बिया के दिग्गज नोवाक जोकोविच से होगा।

ऑस्ट्रिया के 26 वर्षीय और यहां पांचवीं वरीयता प्राप्त थीम ने सातवीं रैंकिंग के जेवरेव को 3-6, 6-4, 7-6 (7/3), 7-6 (7/4) से पराजित किया। अब उन्हें जोकोविच की कड़ी चुनौती का सामना करना होगा जिन्होंने गुरुवार को दूसरी वरीयता प्राप्त रोजर फेडरर को सीधे सेटों में हराया था।

थीम को सर्बियाई खिलाड़ी के खिलाफ बेहतरीन खेल दिखाना होगा। जोकोविच पिछले 12 मैचों से अजेय हैं और उन्होंने अब तक कभी ऑस्ट्रेलियन ओपन का फाइनल नहीं गंवाया है।

थीम ने मैच के बाद कहा, ह्ययह अविश्वसनीय मुकाबला था। दो टाईब्रेकर हुए। इसलिए यह कड़ा था और यह काफी करीबी मुकाबला था। उसकी सर्विस तोड़ना बेहद मुश्किल था। ऑस्ट्रेलियन ओपन के फाइनल में पहुंचना अविश्वसनीय है। यह सत्र की शानदार शुरूआत है।

इससे पहले थीम दो बार फ्रेंच ओपन के फाइनल में पहुंच चुके हैं लेकिन दोनों बार उन्हें स्पेन के स्टार राफेल नडाल ने हराया। थीम ने ऑस्ट्रेलियन ओपन के क्वॉर्टर फाइनल में स्पेनिश खिलाड़ी को हराकर बदला चुकता किया।

## आईएसएल: नॉर्थईस्ट को हराकर टॉप-4 में मुंबई सिटी

**मुंबई।** डिएगो कार्लोस के गोल की मदद से मुंबई सिटी एफसी ने इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) फुटबॉल मुकाबले में शुक्रवार को नार्थईस्ट यूनाइटेड को 1-0 से हरा दिया और प्लेऑफ में जगह पक्की करने की तरफ कदम बढ़ाते हुए टॉप-4 में पहुंच गया। मुंबई फुटबॉल एरेना में खेले गए मुकाबले के 44वें मिनट में डिएगो कार्लोस के शानदार गोल की मदद से मुबई ने 1-0 की बढ़त बना ली।

कार्लोस का सत्र का यह दूसरा गोल है। दोनों टीमें जब पिछली बार जब एक-दूसरे के खिलाफ भिड़ी थी तो उन्हें 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा था। मुंबई की 15 मैचों में यह छठी जीत है और अब उसके 23 अंक हो गए हैं।


मुंबई की टीम आईएसएल की अंकतालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई है। नॉर्थईस्ट की 13 मैचों में लगातार चौथी और सत्र की यह छठी हार है। वह नौवें नंबर पर है।

### अफगानिस्तान के नूर अहमद ने हुरैरा को किया मांकडिंग आउट

**नई दिल्ली।** अंडर-19 वर्ल्ड कप में भी मांकडिंग रन आउट देखने को मिला जब अफगानिस्तान के गेंदबाज नूर अहमद लकनवाल ने टूर्नमेंट के क्वॉर्टर फाइनल में पाकिस्तान के मोहम्मद हुरैरा को पविलियन भेजा। यह घटना शुक्रवार को हुई जब अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच क्वॉर्टर फाइनल मैच खेला गया।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# तापसी पन्नू ने बताए अपने सबसे खराब को-स्टार्स



**तापसी** पन्नू बॉलिवुड की ऐसी ऐक्ट्रेस हैं जो फिल्मों में अलग-अलग तरह के किरदार निभाने के अलावा अपनी बेबाकी के लिए जानी जाती हैं। इसके अलावा तापसी अपने को-स्टार्स के साथ अपनी खास बॉन्डिंग के लिए भी जानी जाती हैं। हालांकि तापसी ने हाल में यह भी बताया कि उन्हें अपने कौन से को-स्टार्स पसंद नहीं हैं। नेहा धूपिया के चैट शो पर तापसी ने अपने सबसे खराब को-स्टार्स के बारे में बताया और उनके नाम जानकर आप चौंक जाएंगे। इस बारे में बात करते हुए तापसी ने कहा कि उनके साथ 'मनमर्जियां' में काम करने वाले विकी कौशल और 'जुड़वा 2' में काम कर चुकीं जैकलिन उनके अब तक के सबसे खराब को-स्टार्स रहे हैं। तापसी के मुताबिक, जैकलिन के पास बेहद हॉट बॉडी है और इसके कारण वह 'जुड़वा 2' में उनका मुकाबला नहीं कर पा रही थीं। इसके अलावा 'मनमर्जियां' में विकी के साथ वह हर सीन में काफी सजग रहती थीं ताकि किसी भी सीन में वह विकी के सामने कमजोर न पड़ें क्योंकि वह हर सीन बेहतरीन देते थे।

# दिशा पाटनी की लाइफ से टाइगर श्रॉफ बाहर?



**वैसे** तो दिशा पाटनी और टाइगर श्रॉफ के रिलेशनशिप के चर्चे अक्सर सुर्खियां बनते हैं, लेकिन कभी दोनों सितारों ने इस पर खुलकर बात नहीं की। दिशा पाटनी ने हालिया बातचीत में कुछ ऐसा कहा, जिससे साफ इशारा मिलता है कि उन्हें आज भी अपनी लाइफ में प्यार की तलाश है। दिशा का कहना है कि उन्हें अपनी जिंदगी में कई सालों से प्यार की तलाश है। दिशा ने बताया कि उन्हें आज तक किसी ने रिलेशनशिप में आने के लिए प्रपोज भी नहीं किया है। इतना ही नहीं उन्होंने यह दिशा ने कहा, 'मैं स्कूल में टॉमबॉय थी और मेरे पापा पुलिस में थे तो शायद इसी वजह से सभी लड़के मेरे पास आकर पूछने से डरते थे। किसी की मेरी ओर देखने की हिम्मत नहीं पड़ती थी और इसलिए किसी ने मुझे प्रपोज नहीं किया। रिपोर्ट्स की मानें तो दिशा यह भी कहती हैं कि जबसे वह मुंबई आई हैं, अभी तक उन्हें मजेदार जिंदगी जीने का मौका नहीं मिला और उनके पास लोगों से मिलने और प्यार करने का बहुत ज्यादा मौका नहीं है। एक अन्य इवेंट में जब दिशा से टाइगर श्रॉफ के साथ डेटिंग करने के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने कहा, मैं कई सालों से अपनी किस्मत आजमा रही हूं, लेकिन इसमें कुछ हो ही नहीं पा रहा है। बातचीत में उन्होंने यह भी कहा कि उन्हें लड़की होने का एहसास तभी होता है जब वह रिलेशनशिप में होती हैं और उन्हें किसी ऐसे की तलाश है जो उन्हें यह एहसास करवाए कि वह लड़की हैं।

# इलियाना ने रिजेक्ट की थीं सलमान की ये 2 फिल्में



**ऐक्ट्रेस** इलियाना डिक्रूज ने अपने अब तक के करियर में रणबीर कपूर से लेकर अजय देवगन और वरुण धवन जैसे स्टार्स के साथ काम किया है। लेकिन उनके फैन्स यह जानने के लिए उत्साहित हैं कि क्या कभी वह सलमान खान के साथ काम करेंगी? हाल ही में इलियाना ने इसका जवाब भी दिया और जो जवाब दिया उसने सभी को चौंका दिया। एक इंटरव्यू के दौरान इलियाना ने फैन्स द्वारा पूछे गए सवाल का ट्विटर पर जवाब देते हुए कहा कि उन्हें सलमान खान स्टारर 'किक' और 'वॉन्टेड' के लिए अप्रोच किया गया था। लेकिन वह किन्हीं वजहों से उन दोनों ही फिल्मों में काम नहीं कर पाईं। कहीं न कहीं इलियाना को आज भी इन फिल्मों में काम न कर पाने का मलाल है। इलियाना की मानें, तो 'वॉन्टेड' में उन्हें आयशा टाकिया वाले रोल के लिए अप्रोच किया गया था। चूंकि उस वक्त उनके एग्जाम चल रहे थे इसलिए वह इस फिल्म को नहीं कर पाईं। वहीं 'किक' जब ऑफर हुई तो उस वक्त वह अपनी डेट्स किसी अन्य फिल्म को दे चुकी थीं। बाद में फिर जैकलीन फर्नांडिस को इस फिल्म के लिए साइन किया गया।